E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 अंक: 62 पृष्ठ: 8 अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) जयपुर, सोमवार 14 सितंबर, 2026 मूल्य: ₹10.00 प्रभात RNI NO. RJMUL/26/A4290

## हूतियों का सऊदी अरब पर मिसाइल अटैक, मस्जिद समेत कई इमारतें तबाह, अब तक 500 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा



थिंक राजस्थान

रियाद। सऊदी अरब पर यमन के हूती विद्रोहियों के हमले लगातार जारी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार हूतियों ने मिसाइल से ताजा हमला किया है, जिसकी चपेट में एक मस्जिद आ गई है। इसके अलावा कई बिल्डिंग के तबाह होने की जानकारी मिली है। यह हमला सऊदी अरब के जजान प्रांत में किया गया है, जहां पर भारी तबाही की बात की जा रही है। इस ताजा हमले को लेकर सऊदी सिविल डिफेंस ने कहा कि शनिवार को यमन के हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब के दक्षिणी जाजान क्षेत्र में एक मिसाइल से अटैक किया है। इस हमले में दो लोगों के घायल होने और एक मस्जिद के टूटने की जानकारी दी गई। इसके अलावा कई मस्जिदों को नुकसान भी पहुंचा है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइज़ेशन फ़ॉर माइग्रेशन और स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि सितंबर की शुरुआत से लड़ाई जारी है। इस दौरान 500 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की जानकारी की पुष्टि की है। सिविल डिफेंस के प्रवक्ता का कहना है कि हूती विद्रोही आम नागरिकों के ठिकानों को टारगेट कर रहे हैं, जिसे उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का खुला उल्लंघन' बताया है। इसके साथ ही कहा कि तय इमरजेंसी प्रक्रियाओं को तुरंत लागू कर दिया गया है। ईरान को समर्थन देने वाले हूती विद्रोहियों ने बताया कि उन्होंने दक्षिणी नज्रान प्रांत के शरूराह में सऊदी सैन्य अड्डे को बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने इस हमले को लेकर कहा, 'हथियारों के गोदामों और कमांड एंड कंट्रोल सेंटरों' को टारगेट किया है।

इसके साथ ही कहा कि जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, वे 'हमारे देश और लोगों के खिलाफ आक्रमण को अंजाम दे रहे थे।' याह्या सरी ने दावा करते हुए कहा कि शरूराह प्रांत में एक सैन्य अड्डे को टारगेट किया गया। लेकिन इससे जुड़ा उन्होंने कोई सबूत नहीं दिया। इसके साथ ही बताया कि यह हमला कब हुआ। लेकिन उन्होंने सऊदी अरब को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर और सैन्य कार्रवाई की गई, तो वहां के इलाके के भीतर और बड़े जोरदार हमले किए जाएंगे। हमले के बाद सऊदी अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा और राहत व्यवस्था को सक्रिय कर दिया। घायलों को आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई, जबकि क्षतिग्रस्त इमारतों का जायजा लेकर प्रभावित इलाकों में सुरक्षा उपाय बढ़ाए गए।

मिसाइल हमले के बाद स्थानीय स्तर पर लोगों में भी दहशत का माहौल देखा गया। सऊदी अरब की ओर से नागरिक ठिकानों को निशाना बनाए जाने के आरोप को गंभीर बताया गया है। मस्जिद और अन्य इमारतों को नुकसान पहुंचने से हमले के मानवीय प्रभाव को लेकर चिंता बढ़ी है। हालांकि, हूतियों ने अपने हमले को सैन्य ठिकाने के खिलाफ कार्रवाई बताया है और नागरिक नुकसान से जुड़े सऊदी दावों पर अलग रुख रखा है। इस घटनाक्रम के बीच यमन और सऊदी अरब के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव को लेकर क्षेत्रीय स्थिति पर नजर बनी हुई है। सीमा क्षेत्र में किसी भी नए हमले से आम नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ मानवीय स्थिति पर भी असर पड़ने की आशंका रहती है। लगातार हमलों से राहत और बचाव अभियानों के सामने भी अतिरिक्त चुनौतियां पैदा हो सकती हैं।

## ब्रिक्स में आतंकवाद पर सहमति बनी, पाकिस्तान को कौन कंट्रोल करेगा: हरीश रावत

थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने रविवार को कई अहम मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने राहुल गांधी की मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात, ब्रिक्स में फूड-मेन्यू विवाद, हल्द्वानी विवाद और भारत के ऐतिहासिक नैरेटिव पर विस्तार से चर्चा की। ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर हरीश रावत ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, 'ब्रिक्स में कुछ सवालों पर एक राय बनी, जो अच्छी बात है, लेकिन कुछ और बड़े सवाल हैं। आज जो युद्ध हो रहे हैं, उसमें हथियारों की खतरनाक होड़ दिखाई दे रही है। एआई के आने के बाद कहीं ऐसा नहीं है कि इसका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाए। यह बहुत ही खतरनाक स्थिति है। इस पर विस्तार से बात करनी चाहिए। दुनिया के अंदर किसी एक देश की मोनोपोली नहीं होनी चाहिए। हमें उम्मीद थी कि डॉलर के विकल्प के तौर पर भी बात होगी कि स्थानीय करेंसी को कैसे बल मिल सके। सिर्फ एक साझा बयान जारी करना ही काफी नहीं है।' ब्रिक्स में आतंकवाद पर बनी सहमति पर उन्होंने कहा, 'पहलगाम का भी जिक्र हुआ। मित्रता तभी आगे बढ़ सकती है, जब साफ-साफ बातें की जाएं।'

## मणिपुर में दोबारा भड़की हिंसा, दो महिलाओं समेत 4 की मौत, उग्रवादियों ने बरपाया कहर



थिंक राजस्थान

इम्फाल। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य मणिपुर में लंबे समय से हिंसा जारी है, जो कभी थम जाती है, तो कभी उग्र हो जाती है। इस बीच जानकारी मिली है कि रविवार को राज्य के तामेंगलोंग और नोनी जिलों में दो अलग-अलग संदिग्ध उग्रवादियों के हमलों में दो महिलाओं समेत कम से कम चार लोगों की जान चली गई है। इस मामले में पुलिस की प्रतिक्रिया सामने आई है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि तामेंगलोंग में उग्रवादी हमले रविवार तड़के करीब चार बजे हुए थे। इस दौरान दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दूसरी घटना करीब 12 घंटे के बाद हुई थी। इस दौरान भी दो लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी पीटीआई भाषा की रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया है कि इम्फाल को जिरीबाम से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे-37 के नजदीक स्थित टोल्लेन कुकी गांव में संदिग्ध उग्रवादियों ने एक घर पर अचानक अटैक कर दिया। इस दौरान लिंगनगाई सिंगसिट की जान चली गई, जबकि उनके पति सेइनैह सिंगसिट और नवजात बेटा घायल हो गए हैं। इस घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षाकर्मी गांव में तुरंत पहुंचे। इसके बाद उन्होंने घायलों को मेडिकल हेल्प सामग्री उपलब्ध कराई। अधिकारियों का कहना है कि सेइनैह को बाद में अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

## गुजरात के अहमदाबाद में बड़ा हादसा, दो मंजिला इमारत ढही, एक की मौत, तीन बुरी तरह घायल



थिंक राजस्थान

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां दो मंजिला इमारत ढहने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। घटना दोपहर के समय खाड़िया इलाके की संकरी गली में घटी। मकान के गिरने से चार लोग उसके मलबे में फंस गए थे। सूचना मिलते ही प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। शाहपुर और पंचकुवा दमकल स्टेशनों की टीमों ने कड़ी मेहनत के बाद मलबे में चार लोगों को बाहर निकाला और इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा। चारों की पहचान जानवी राणा (27), पार्थ राणा (23), आशाबेन (42) और सोनल राणा (45) के रूप में हुई। इनमें से सोनल राणा की इलाज के दौरान मौत हो गई।

बाकी तीन लोगों का इलाज जारी है। फायर डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना के बाद मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बता दें कि इससे पहले जुलाई में शहर में एक जर्जर मकान गिरने की घटना सामने आई थी, जिसमें 55 साल की महिला की मौत हो गई थी। कालूपुर के पास मंसूरी मोहल्ले में हुए इस हादसे में परवीनबानू याकूब मंसूरी मलबे में फंस गई थीं। उनके साथ उनका बेटा अल्ताफ याकूब भी मलबे में फंसा था। याकूब को रेस्क्यू टीम ने बचा लिया था जबकि परवीनबानू का शव बरामद हुआ था। हादसे के बाद खाड़िया इलाके में प्रशासन और दमकल विभाग की टीमों ने घटनास्थल का जायजा लिया। संकरी गली होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में भी चुनौती का सामना करना पड़ा। मलबा हटाने के दौरान आसपास के लोगों की आवाजाही को नियंत्रित किया गया, ताकि बचाव अभियान में किसी तरह की बाधा न आए।

## वार्ड 62 की भाग संख्या 23 में पुनर्मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न

थिंक राजस्थान

जयपुर। नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 के अंतर्गत नगर निगम जयपुर के वार्ड संख्या 62 के भाग संख्या 23 के मतदान केंद्र राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कमरा नंबर 4, टीला वाला, सांगानेर पर रविवार को मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी (निकाय) एवं जिला कलक्टर सन्देश नायक ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ग्यारह सितंबर को उक्त मतदान केंद्र पर घटित घटना के कारण मतदान प्रक्रिया प्रभावित होने तथा चुनाव की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता पर प्रभाव पड़ने के मद्देनजर पूर्व में हुए मतदान को शून्य घोषित कर पुनर्मतदान के निर्देश पर यह पुनर्मतदान करवाया गया है। उन्होंने बताया कि पुनर्मतदान के दौरान कुल 587 मतदाताओं में से 448 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है जिसमें 230 पुरुष एवं 218 महिला मतदाता सम्मिलित हैं। इस प्रकार 76.32 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत किया है। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी सांगानेर विकास प्रजापत, तहसीलदार सांगानेर स्नेहदीप आदि ने सघन निगरानी में पुनर्मतदान प्रक्रिया को संपन्न करवाया। पुनर्मतदान के दौरान मतदान केंद्र पर सुरक्षा और निगरानी के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया का लगातार निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि मतदाता बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। मतदान केंद्र पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती रही। कुल 587 मतदाताओं में से 448 मतदाताओं के मतदान करने से पुनर्मतदान में मतदाताओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। इनमें 230 पुरुष और 218 महिला मतदाता शामिल रहे। महिलाओं की भागीदारी भी मतदान प्रक्रिया



में महत्वपूर्ण रही, जिससे क्षेत्र में मतदाता जागरूकता और लोकतांत्रिक सहभागिता का संकेत मिला। प्रशासन की ओर से मतदान के दौरान चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया।

मतदान केंद्र पर मतदाताओं की पहचान, मतदान प्रक्रिया और अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी की गई। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति सामने नहीं आने से पुनर्मतदान शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हुआ। पूर्व में हुई घटना के कारण मतदान निरस्त किए जाने के बाद दोबारा मतदान कराना चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया। प्रशासन का प्रयास रहा कि पुनर्मतदान के दौरान सभी मतदाताओं को समान अवसर मिले और चुनाव प्रक्रिया पर किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े। अब पुनर्मतदान के बाद इस वार्ड से संबंधित चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। प्रशासन की निगरानी में मतदान से जुड़े रिकॉर्ड और निर्वाचन सामग्री को निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुरक्षित रखा जाएगा।

## एक व्यक्ति और एक परिवार की कीमत चुकाता था पूरा उत्तर प्रदेश

थिंक राजस्थान

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गलती एक व्यक्ति करता है, लेकिन उसकी कीमत पूरे संस्थान को चुकानी पड़ती है। ठीक वैसे ही एक व्यक्ति और एक परिवार की कीमत उत्तर प्रदेश को पहचान के संकट, कानून व्यवस्था के भीषण संकट, अराजकता और भ्रष्टाचार के रूप में चुकानी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि कृत्य एक व्यक्ति गलत करता था और कीमत पूरा प्रदेश चुकाने को मजबूर होता था। आज पारदर्शिता और शुचिता के साथ आगे बढ़ रहे उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट नहीं है। प्रदेश के लोग कहीं भी सीना तानकर कह सकते हैं कि वे उत्तर प्रदेश के हैं। मुख्यमंत्री योगी रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के षष्ठम स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया जितनी पारदर्शी होगी, परिणाम उतने ही फलदायी होंगे।

## राज्यपाल बागडे ने राजस्थान के पूर्व राज्यपाल मिश्रा की पत्नी के निधन पर जताया गहरा शोक

थिंक राजस्थान

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की धर्मपत्नी सत्यवती मिश्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शोक संदेश में कहा कि सत्यवती मिश्रा का निधन परिवार और उनके परिचितों के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सत्यवती मिश्रा के निधन की सूचना के बाद सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र से भी शोक संवेदनाएं व्यक्त की जा रही हैं। पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र के प्रति भी विभिन्न लोगों ने संवेदना जताते हुए इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही।

## भारत की रणनीति ने 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दिलाई बड़ी कूटनीतिक जीत



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। भारत की व्यापक रणनीति (ग्रैंड स्ट्रैटेजी) ने 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में बड़ी कूटनीतिक सफलता दिलाई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने सदस्य देशों के विविध हितों के बीच संतुलन बनाते हुए बहुपक्षवाद को व्यावहारिक दिशा दी और दुनिया को अपने रणनीतिक उभार का स्पष्ट संदेश दिया। 'इंडिया नैरेटिव' की रिपोर्ट में कहा गया है कि नई दिल्ली ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान ऐसी रणनीति अपनाई, जिससे यह मंच भू-राजनीतिक टकराव या रूस और चीन जैसी बड़ी शक्तियों के प्रभाव की प्रतिस्पर्धा का अखाड़ा बनने से बचा रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की रणनीति तीन प्रमुख बदलावों पर आधारित रही। पहला, बहुपक्षवाद को व्यावहारिक बनाते हुए वैश्विक शासन संस्थाओं और ढांचों में सुधार को आगे बढ़ाना। दूसरा, ब्रिक्स को सहयोग और लचीलापन बढ़ाने वाले रणनीतिक मंच के रूप में मजबूत करना। तीसरा, वैश्विक संकटों से निपटने के लिए भारत को टिकाऊ और रणनीतिक विकल्प उपलब्ध कराने वाले प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला और आर्थिक सुरक्षा को विविधीकरण तथा समावेशिता के जरिए मजबूत करना शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्दे के पीछे चली गहन बातचीत ने भारत की 'स्ट्रैटेजिक डी-हाइफनेशन' और 'स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी' की नीति को प्रभावी ढंग से सामने रखा। भारत ने डी-हाइफनेशन के जरिए ब्रिक्स को संघर्षों और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक एजेंडे पर केंद्रित रखा, जबकि रणनीतिक स्वायत्तता के माध्यम से विभिन्न देशों के हितों में सामंजस्य स्थापित करते हुए आर्थिक सहयोग को केंद्र में रखा। रिपोर्ट के अनुसार, इसी रणनीतिक संतुलन ने राजनीतिक मतभेदों के बीच भी आम सहमति बनाने में मदद की और ग्लोबल साउथ की आवाज को संयुक्त घोषणा पत्र में प्रमुखता दिलाई। इससे पहले जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में इसी रणनीति का सफल इस्तेमाल किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि शिखर सम्मेलन से पहले आशंका जताई जा रही थी कि संयुक्त घोषणा पत्र पर सहमति नहीं बन पाएगी, लेकिन भारत ने राष्ट्रीय और वैश्विक हितों के बीच संतुलन बनाते हुए सहमति सुनिश्चित की।

## भारत और पराग्वे ने 65 साल के राजनयिक संबंधों पर सहयोग बढ़ाने की जताई प्रतिबद्धता



थिंक राजस्थान

नई दिल्ली। भारत और पराग्वे के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 65 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दोनों देशों ने अब तक की प्रगति को रेखांकित करते हुए आपसी सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पराग्वे राजनयिक संबंधों की स्थापना की 65वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह अवसर छह दशक से अधिक समय से जारी मित्रता, आपसी सम्मान और समझ को दर्शाता है। दोनों देशों के बीच लगातार संवाद और अपने लोगों को करीब लाने की साझा प्रतिबद्धता के चलते द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'दोनों सरकारें अब तक हासिल की गई प्रगति को रेखांकित करती हैं और साझा हित वाले रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने की अपनी इच्छा दोहराती हैं। साथ ही, आर्थिक और व्यापारिक आदान-प्रदान बढ़ाने के उद्देश्य से नई पहलों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है।' दोनों देशों ने इस संबंध को सहयोग, समृद्धि और पारस्परिक लाभ के एक नए चरण में ले जाने की प्रतिबद्धता जताई है। भारत और पराग्वे ने सितंबर 1961 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। इसके बाद से दोनों देशों के बीच गर्मजोशी और मैत्रीपूर्ण संबंध बने हुए हैं।

## संपादकीय

## राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 18 व 19 को टोंक में



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

टोंक। राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर), जिला टोंक की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को बैरवा धर्मशाला, टोंक में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सर्वेश मेहरा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 18 एवं 19 सितंबर को पहाड़िया मैरिज गार्डन टोंक में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा बारूपाल करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि सतवीर सिंह, पूर्व आईपीएस एवं अध्यक्ष, अम्बेडकर वेलफेयर सोसाइटी, जयपुर होंगे। जिला अध्यक्ष रामरतन खटीक ने बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मुकेश कराडिया को संयोजक, राकेश कुमार बैरवा को सहसंयोजक तथा मुरलीधर वर्मा को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में जिलेभर से शिक्षक एवं संगठन के पदाधिकारी भाग लेंगे तथा शैक्षिक एवं शिक्षक हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष हरिराम बड़ीवाल, शिवराज बैरवा, जयंती प्रकाश नुवाल, सुरेश कुमार बंसीवाल, सुदर्शन जोनवाल, मदनलाल वर्मा, श्योजी लाल बैरवा, सुरेश कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार बैरवा, छोटू लाल चंदेल, बृजमोहन कोली, ओमप्रकाश वर्मा सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब उदयपुर लेकसिटी ने मनाया शिक्षक दिवस : उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 19 शिक्षक सम्मानित

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

उदयपुर। लायंस क्लब उदयपुर लेकसिटी की ओर से 13 सितंबर को देवाली स्थित लायंस भवन में गरिमामय शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में निष्ठापूर्वक और उत्कृष्ट दायित्व निभाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत में क्लब अध्यक्ष लायन दीपक वाही ने सभी आमंत्रित अतिथियों और शिक्षकगणों का स्वागत किया। समारोह में उत्कृष्ट शिक्षण सेवाओं के लिए प्रो. जी. एम. मेहता, डॉ. मनोज कुमार महला, एस. के. टंडन, प्रेमा जैन, जनक सिंह रावत, कौशिक चंदा, अंजलि भटनागर, लक्ष्मी नारायण आमेटा, झुमुर गहलोत, इरशाद अहमद सिंधी, निर्मला तेली, भरत कुमार जावत, चंद्रशेखर, सुरभि रायजादा, चंद्रकांता कुमावत, प्रियंका बाबेल, विजेता उपाध्याय, डॉ. मोहम्मद यूनूस एवं डॉ. ऋचा माथुर को सम्मानित किया गया।

# जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सिंधारा रस्म के लिए जुटे अविवाहित युवा, प्रसाद में बांटी जाएगी 3500 किलो मेहंदी

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजधानी जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी से पहले सिंधारा (सिंजारा) रस्म के लिए बड़ी संख्या में अविवाहित लाइन में लगने लगे हैं। सिंधारा जयपुर की पुरानी परंपरा है। जहां जन्म होने या शादी होने पर नए वस्त्र और मेहंदी चढ़ाई जाती है। मंदिर के पुजारी अभिषेक शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, 'मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में सिंधारा रस्म शाम 6:30 बजे से मनाया जाएगा। आज शाम भगवान को नई पोशाक और मुकुट धारण कराया जाएगा। जिसके बाद प्रसाद रूपी मेहंदी वितरण की जाएगी। भगवान को चढ़ाए जाने के बाद मेहंदी भक्तजनों को दी जाती है।' अभिषेक शर्मा ने बताया कि मान्यता है कि मेहंदी सिधारे पर भक्त जो भी मनोकामना लेकर आते हैं, वह पूरी हो जाती है। मेहंदी का संबंध विवाह से होता है, इसलिए जो विवाह करने की सोच रहे हैं और जिनका विवाह काफी समय से नहीं हुआ है और जो विवाह योग्य हैं, अगर वे हाथों पर ये मेहंदी रचाते हैं, तो माना जाता है कि एक वर्ष के अंदर विवाह संपन्न हो जाता है। आज का असली प्रसाद मेहंदी ही है। ऐसे में हम लोग जितनी मेहंदी बांट सकते हैं, उतनी बांटने की कोशिश की है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि 3500 किलो मेहंदी आई है। देखा जा सकता है कि दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। 8 जगहों पर मेहंदी बांटी जाएगी। ऐसे में हमारी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को बांटी जाए। 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी। देशभर में इसकी तैयारी धूमधाम से की जा रही है। इस दिन गणपति स्थापना सुबह 11:02 बजे से दोपहर 1:31 बजे तक करना शुभ रहेगा। गणेश चतुर्थी से गणेश उत्वस का शुभारंभ होता है और अनंत चतुर्दशी के दिन इस पर्व का समापन होता है। सुख, शांत-समृद्धि और जीवन के संकट से दूर होने के लिए भगवान गणेश की पूजा की जाती है। सिंधारा रस्म को लेकर मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में अविवाहित युवक-युवतियां और अन्य श्रद्धालु मेहंदी का प्रसाद लेने के लिए कतार में पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रशासन की ओर से भीड़ को व्यवस्थित रखने और प्रसाद वितरण को सुचारू बनाए रखने के लिए व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर में भगवान गणेश के विशेष श्रृंगार और पूजा-अर्चना के बाद मेहंदी को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।



## जयपुर में पानी निकासी विवाद पर युवती और उसकी मां-बहन पर हमला, छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। राजधानी जयपुर के करणी विहार थाना क्षेत्र स्थित सिरसी रोड पर पानी निकासी और रास्ते के विवाद को लेकर पड़ोसियों द्वारा एक युवती और उसके परिवार पर जानलेवा हमला, मारपीट और छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर करणी विहार पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी (FIR) दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गिरधर विहार (मीनावाला, सिरसी रोड) निवासी 29 वर्षीय पीड़िता नीतू कंवर पुत्री स्वर्गीय श्रवण सिंह राठौड़ ने थाने में लिखित रिपोर्ट देकर बताया कि रविवार, 13 सितंबर की सुबह करीब 10:30 बजे उनके घर का रास्ता रोककर बारिश का पानी रोका जा रहा था और नाली का गंदा पानी पाइप के जरिए उनके गेट के सामने छोड़ा जा रहा था।

जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो पड़ोसी ध्यारी लाल मीणा का बेटा प्रसाद मीणा गाली-गलौज करने लगा और उसने अपने पिता को भी मौके पर बुला लिया। जब उसे रोका गया तो पिता-पुत्र दोनों ने मिलकर नीतू, उसकी बहन और बीच-बचाव करने आई मां पर हमला कर दिया।

## जर्जर सरकारी स्कूल भवनों को जमींदोज करने की तैयारी, शिक्षा विभाग ने तीन दिन में मांगी सूचना

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में जर्जर भवनों को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने संभाग के सभी जिलों से अंतिम रूप से जर्जर घोषित विद्यालय भवनों को जमींदोज करने और ऐसे भवनों में संचालित विद्यालयों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत सूचना तीन कार्यदिवस में मांगी है। संयुक्त निदेशक (प्रशासन) माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर महेंद्र कुमार शर्मा की ओर से जारी निर्देशों में बताया गया है कि जयपुर स्थित राजस्थान हाईकोर्ट में दायर रिट में दिए गए निर्देशों की पालना के तहत विद्यालय भवनों की सुरक्षा ऑडिट सहित आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। विभाग के अनुसार सरकारी विद्यालय भवनों का सुरक्षा ऑडिट सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) के माध्यम से करवाने, विद्यालयों में शौचालय और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अंतिम रूप से जर्जर घोषित भवनों को जमींदोज करने के संबंध में पहले भी निर्देश जारी किए जा चुके हैं। संयुक्त निदेशक कार्यालय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जर्जर घोषित भवनों को जमींदोज किए जाने और ऐसे भवनों में वर्तमान में विद्यालय संचालन की स्थिति की सूचना निर्धारित प्रारूप में तीन कार्यदिवस के भीतर हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराई जाए। समय पर सूचना नहीं देने से उत्पन्न किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। निर्देशों के अनुसार सीबीईओ, पीईईओ और यूसीईईओ कार्यालय सीधे संयुक्त निदेशक कार्यालय को सूचना नहीं भेजेंगे। जिला स्तर पर पूरी जानकारी संकलित कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों को अपने जिलों की समस्त सूचना संकलित कर संबंधित संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय के निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना है।

## दौसा नगर परिषद की मतगणना कल सुबह 8 बजे से

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

दौसा। दौसा नगर परिषद की मतगणना सोमवार को सुबह 8 बजे पीजी कॉलेज के पीजी ब्लॉक में शुरू होगी। मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई गई हैं। 54 वार्डों के 82 बूथों के वोटों की गिनती 6 राउंड में पूरी होगी। पहले राउंड के परिणाम करीब साढ़े 8 बजे से आने की संभावना है। इसके बाद प्रत्येक राउंड के साथ वार्डों के परिणाम सामने आते जाएंगे। दोपहर तक सभी 54 वार्डों के परिणाम घोषित होने की संभावना है।दौसा नगर परिषद में कुल 55 वार्ड हैं, लेकिन वार्ड 26 में निर्विरोध निर्वाचन होने के कारण यहां वोटिंग नहीं हुई थी। रिटर्निंग अधिकारी संजू मीणा ने बताया कि पीजी कॉलेज के पीजी ब्लॉक के कमरा नंबर 13 में मतगणना होगी। एक टेबल पर दो कर्मचारी तैनात रहेंगे। 14 टेबलों पर कुल 28 कर्मचारी लगाए गए हैं। मतगणना के लिए 14 टीमें रहेंगी। प्रत्याशी, एजेंट और कर्मचारियों को सुबह 5 बजे से प्रवेश दिया जाएगा। लॉटरी के अनुसार ही कर्मचारियों को टेबल आवंटित की जाएगी।

## चूरू आदर्श विद्या मंदिर की बैडमिंटन टीम राज्य विजेता, अब दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगी दमखम

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

चूरू। आदर्श विद्या मंदिर संगठन की ओर से डीडवाना में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में चूरू आदर्श विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में चूरू की टीम ने मजबूत प्रतिद्वंद्वी जोधपुर को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता की शुरुआत से ही चूरू के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में दबाव के बीच संयम बनाए रखते हुए खिलाड़ियों ने प्रभावी खेल दिखाया और जोधपुर की टीम को पराजित कर राज्य स्तरीय खिताब पर कब्जा जमाया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर चूरू की टीम का राष्ट्रीय स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। अब चयनित खिलाड़ी दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विजेता टीम में अशोक चूरू, गौरव शर्मा चूरू, भव्य सैनी चूरू, फिरोज बीदासर और गौरव सैनी चूरू शामिल हैं। सभी खिलाड़ी शटल स्टार्स बैडमिंटन अकादमी, चूरू के कोच सौरभ स्वामी के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। टीम की सफलता पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों और खेलप्रेमियों ने खुशी जताते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्य स्तरीय जीत से जिले के खेल जगत में उत्साह का माहौल है। अब खिलाड़ियों की नजर दिल्ली में बेहतर प्रदर्शन कर चूरू और राजस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने पर है। राज्य स्तर पर खिताब जीतने के बाद खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में भी बढ़ोतरी हुई है। अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उन्हें अलग-अलग राज्यों की मजबूत टीमों से मुकाबला करना होगा। इसके लिए खिलाड़ी प्रशिक्षण सत्रों में अपनी तकनीक, फिटनेस और मैच के दौरान रणनीति पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।




## अलोदा में स्मृति से सेवा तक का संकल्प, 19 सितंबर को होगा भव्य आयोजन

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

खाटूश्यामजी। स्व. श्रीमती छोटी देवी धर्मपत्नी स्व. चौधरी भूराराम कुलरिया एवं स्व. श्री गोपालराम मीणा की पावन स्मृति में उनके परिवारजनों की ओर से पी.एम. श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलोदा में प्रवेश द्वारों का लोकार्पण एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम 19 सितंबर 2026, शनिवार को प्रातः 10:15 बजे से आयोजित होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन दांतारामगढ़ विधायक वीरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान आयोजन से जुड़े लोगों ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों को लेकर जानकारी दी तथा क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौधरी नारायण सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, पीसीसी रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह है।

## भारत विकास परिषद की समूह गान प्रतियोगिता में बालिका आदर्श विद्या मंदिर प्रथम

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

दौसा। भारत विकास परिषद शाखा द्वारा संस्कार प्रकल्प के अंतर्गत रविवार को शाखा स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन संत सुंदरदास स्मारक पर किया गया।आईटी सेल प्रभारी गिरिराज गुप्ता पापड़दा ने बताया कि विद्यार्थियों में देशभक्ति सांस्कृतिक मूल्यों एवं संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य आयोजित किए गए इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत विकास परिषद राजस्थान पूर्व प्रांत के प्रांतीय वित्त सचिव ca राहुल खंडेलवाल, प्रांतीय संस्कार गतिविधि संयोजक संजय पीलवा, शाखा दौसा अध्यक्ष विष्णु देव खंडेलवाल, सचिव राम धोंकरिया एवं कार्यक्रम प्रभारी संजय जैन द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।संस्कार गतिविधि संयोजक एवं कार्यक्रम प्रभारी संजय जैन एवं मुकेश गुप्ता डांगरवाड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दौसा के 9 विद्यालयों की टीम ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया ।इसमें प्रत्येक टीम द्वारा हिंदी एवं संस्कृत में गीतों की प्रस्तुति दी गई जिनमें प्राप्त अंकों के योग के आधार पर विजेता का चयन किया गया। सचिव राम धोंकरिया के अनुसार शाखा स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बालिका आदर्श विद्या मंदिर दौसा, द्वितीय स्थान पर राउमावि नांगल बैरसी तथा तृतीय स्थान पर संस्कार भारती दौसा विद्यालय की टीम रही। सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।अध्यक्ष विष्णु देव खंडेलवाल ने बताया कि प्रथम स्थान पर रहे विद्यालय की टीम प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता हेतु गंगापुर सिटी में भाग लेगी।इस प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र शर्मा, श्रीमती कमला शर्मा, राहुल शर्मा निर्णायक की भूमिका में रहे।इस अवसर पर विनोद प्रियदर्शिनी, गिर्राज पूजा, नवीन रेला, कृष्मोहन मिश्रा, नवीन गुप्ता, सचिन मोदी, विमल धौकरिया, विकास अग्रवाल, धनेश शर्मा, अंकुश रावत, कांता घीया, माधुरी गुप्ता, प्रवीण खूंटेटा, कृष्णा, जागृति रेला, अर्चना पीलवा, शैफाली गुप्ता, अंजू रेला, दीपिका, वर्षा, कुसुम, अरुणा, रेखा, कल्पना, अनीता मोदी उपस्थित रहे।




## काबरो का बास में आज लगेगा विशाल स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान के साथ होगी आंख और कैंसर की जांच

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बधाल। (विनोद धायल)ग्राम काबरो का बास में आज स्वर्गीय सुरेंद्र बोचलिया स्मृति संस्थान के तत्वावधान में पहला विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन पंचायत भवन में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। शिविर में सहाय हॉस्पिटल, जयपुर की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं महावीर कैंसर हॉस्पिटल, जयपुर की टीम द्वारा महिलाओं एवं पुरुषों के लिए निःशुल्क कैंसर जांच की जाएगी। इसके साथ ही रक्तदान शिविर भी आयोजित होगा। संस्थान से जुड़े सुभाष बोचलिया ने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं और रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करें। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। नेत्र जांच के दौरान जरूरतमंद मरीजों की पहचान कर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था रहेगी। वहीं कैंसर जांच के माध्यम से संभावित लक्षणों की समय रहते पहचान और आगे की चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान शिविर में स्वस्थ एवं पात्र लोग स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते हैं।





## नाबालिग को भगाकर ले जाने व दुष्कर्म के आरोपी को खाटूश्यामजी सदर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

खाटूश्यामजी। खाटूश्यामजी सदर थाना पुलिस ने नाबालिग को भगाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के करीब 11 घंटे के भीतर नाबालिग को दस्तयाब कर लिया। इसके बाद तकनीकी सहायता और आसूचना संकलन के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की गई और उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज राहुल प्रकाश, पुलिस अधीक्षक सीकर प्रवीण नायक नूनावत आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीकर तेजपाल सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रींगस दीपक गर्ग और वृत्ताधिकारी खाटूश्यामजी राजेश जांगिड़ आरपीएस के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस के मुताबिक 8 सितंबर 2026 को परिवादिया ने खाटूश्यामजी सदर थाने में रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग पोती को महेश कुमार अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मुकदमा नंबर 111/2026 दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी अमित कुमार नागौरा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम को नाबालिग की सुरक्षित दस्तयाबी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी सहायता, डिजिटल साक्ष्यों और आसूचना संकलन के आधार पर नाबालिग की तलाश शुरू की। पुलिस ने करीब 11 घंटे में नाबालिग को दस्तयाब कर लिया।

इसके बाद आरोपी की तलाश करते हुए उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान महेश बावरिया (22) पुत्र हीरालाल, निवासी चक गोपीनाथपुरा, गोपीनाथपुरा, थाना दांतारामगढ़, जिला सीकर, हाल निवासी ग्राम बाय, थाना खाटूश्यामजी सदर, जिला सीकर के रूप में की है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी अमित कुमार नागौरा, सहायक उपनिरीक्षक रघुनाथ प्रसाद, कांस्टेबल रोहिताश्व (1514), कांस्टेबल रामजीलाल (1511) और महिला कांस्टेबल अमरावती (934) शामिल रहीं। पुलिस के अनुसार महिला कांस्टेबल अमरावती की मामले में विशेष भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में अनुसंधान जारी है और मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके द्वारा नाबालिग को साथ ले जाने की परिस्थितियों और इस दौरान हुई घटनाओं के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

# राजस्थान/ प्रादेशिक

## कांग्रेस ने भी की प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी, 75 उम्मीदवारों को बहरोड़ भेजा



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

दौसा। कांग्रेस ने भी नगर परिषद के प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी कर दी है। रविवार को लवाण के 20 और दौसा के 55 प्रत्याशियों को बसों में बैठाकर बहरोड के लिए रवाना किया गया है। विधायक डीसी बैरवा सहित पार्टी के पदाधिकारी ने एक-एक प्रत्याशी को गिनती कर बसों में बैठाया और रवाना किया। भाजपा पहले ही अपने प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी कर चुकी है। उन्हें सवाई माधोपुर भेजा गया है। सोमवार को परिणाम आने के बाद प्रत्याशियों की बाड़ाबंदी का ठिकाना बदला जाएगा और हारने वाले प्रत्याशियों को बाड़ेबंदी से बाहर भेजा जाएगा। कांग्रेस की ओर से प्रत्याशियों को एकजुट रखने और चुनाव परिणाम तक उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। प्रत्याशियों को बसों के जरिए बहरोड़ रवाना किए जाने के दौरान पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। एक-एक प्रत्याशी की गिनती कर बसों में बैठाने की प्रक्रिया पूरी की गई, ताकि किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे। नगर निकाय चुनाव के परिणाम सोमवार को घोषित होने के बाद तस्वीर स्पष्ट होगी।

## बयाना स्टेशन पर डीआरएम का औचक निरीक्षण, अमृत भारत स्टेशन योजना के काम में तेजी के निर्देश

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बयाना। बयाना रेलवे स्टेशन पर रविवार को कोटा मंडल के डीआरएम अनिल कालरा ने निरीक्षण किया। डीआरएम के निरीक्षण को लेकर रेलवे प्रशासन में सुबह से ही हलचल रही। स्टेशन परिसर से लेकर रेलवे यार्ड तक डीआरएम ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति को देखा। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। कोटा मंडल के डीआरएम अनिल कालरा रविवार को बयाना रेलवे स्टेशन पहुंचे। डीआरएम ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और रेलवे यार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की स्थिति देखी और अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

निरीक्षण से पहले स्टेशन परिसर में साफ-सफाई कराई गई। स्टेशन अधीक्षक बत्तू राम मीणा के अनुसार डीआरएम ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं, ताकि यात्रियों को जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें। डीआरएम ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। निर्माण क्षेत्र में यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने और आवागमन को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने निर्माण कार्य में सामने आई कुछ कमियों को भी चिन्हित किया और उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्टेशन पर नियमित साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। गर्मी के मौसम को देखते हुए स्टेशन पर लगे सभी पंखों को चालू रखने और खराब पंखों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश भी दिए गए। वहीं स्टेशन के सामने वाहनों के अनावश्यक जमावड़े को रोकने के लिए भी आवश्यक व्यवस्था करने को कहा गया। बयाना रेलवे स्टेशन से रोजाना बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों से सफर करते हैं। ऐसे में डीआरएम का निरीक्षण रेलवे की यात्री सुविधाओं और अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों की गति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।




## सांभर लेक, जयपुर ग्रामीण में थानाधिकारी 50,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. जयपुर नगर-प्रथम, जयपुर इकाई द्वारा आज कार्रवाई करते हुए राममिलन मीणा, पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी, पुलिस थाना सांभर लेक, जयपुर ग्रामीण को परिवादी से 50,000 रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए.सी.बी. जयपुर नगर-प्रथम, जयपुर इकाई को एक लिखित शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के पिताजी के नाम की फर्म को पीडब्ल्यूडी विभाग से प्राप्त सड़क निर्माण कार्य को थाना क्षेत्र में निर्बाध रूप से चालू रखने की एवज में राममिलन मीणा, पुलिस निरीक्षक द्वारा हर माह 20,000 रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। रिश्वत राशि नहीं देने पर परिवादी की निर्माण साइट पर लगे वाहनों एवं कर्मचारियों को थाने ले जाकर परेशान किया जा रहा था।



## उपनिदेशक के बयान से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में भय और असमंजस

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

कुम्हेर। बाल विकास परियोजना कुम्हेर में प्रशासनिक बदलाव को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के भविष्य को लेकर भी चिंता सामने आने लगी है। नारी शक्ति संगठन की अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने महिला एवं बाल विकास विभाग, डीग की उपनिदेशक द्वारा मौजूदा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के स्थान पर नवीन चयन किए जाने संबंधी कथित मौखिक निर्देशों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। लक्ष्मी यादव ने कहा कि वर्षों से अपने-अपने आंगनवाड़ी केंद्रों पर सेवाएं दे रहीं कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के बीच अचानक उनके स्थान पर नए चयन की बात सामने आने से भय और असुरक्षा का वातावरण बन गया है। केवल मौखिक रूप से इस प्रकार की बात कहे जाने से न केवल कार्मिकों में भ्रम पैदा हो रहा है, बल्कि उनके रोजगार एवं भविष्य को लेकर मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। यदि कोई प्रशासनिक निर्णय लिया गया है तो उसकी प्रक्रिया, आधार और सक्षम आदेश स्पष्ट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं महिला एवं बाल विकास विभाग की जमीनी व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

## घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाना सरकारों का पवित्र धर्म : रामपाल जाट

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मूंग मंडियो में आना आरंभ हो गया, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद आरंभ होने का सुरसुराहट भी नहीं है, उत्पादक किसानों को एक क्विंटल पर 1280 से लेकर 3,200 रुपए तक का घाटा उठाना पड़ रहा है, अभी तक 45,000 क्विंटल मूंग किशनगढ़, केकड़ी एवं मेड़ता म मंडियो में ही आ चुका है। एक क्विंटल पर 3200 रुपए के अनुसार अब तक लगभग 6 करोड़ 60 लाख से लेकर 14 करोड़ 40 लाख रुपए का घाटा हो चुका है। सरकार ने मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8,780 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया हुआ है,जबकि मंडियों में 1 क्विंटल के दाम 5,500 से लेकर 7,500 रुपए तक ही प्राप्त हो रहे हैं। पिछले अनेक वर्षों से किसानो की ओर से मूंग की खरीद 1 सितंबर से आरंभ करने केलिए राज्य से लेकर केंद्र सरकारों तक को ज्ञापन दिए गए हैं।सरकार से हुई वार्ताओं में भी अनुनय-विनय किया गया है। सरकार का यह कदम किसानों को पूरे घाटे के लिए उत्तरदाई है।

## लालसोट नगर परिषद के 35 वार्डों की मतगणना आज, 131 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

लालसोट। लालसोट नगर परिषद चुनाव के बाद सोमवार को शहर की सियासत का पिटारा खुलेगा। नगर परिषद के 35 वार्डों के लिए हुए मतदान के मतों की गणना सुबह 8 बजे से राजकीय अशोक शर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित मतगणना केंद्र पर शुरू होगी। इसके साथ ही चुनाव मैदान में उतरे 131 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला हो जाएगा।मतदान के बाद पिछले दो दिनों से शहर के चौराहों, बाजारों और राजनीतिक बैठकों में चल रही जीत-हार की कयासबाजी पर भी विराम लगेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख दल 20 से अधिक सीटें जीतकर बोर्ड बनाने का दावा कर रहे हैं। अब मतगणना के परिणाम इन दावों की वास्तविक तस्वीर सामने लाएंगे।निर्दलीयों की भूमिका पर भी नजरराजनीतिक समीक्षकों का मानना है कि इस बार नगर परिषद चुनाव में करीब पांच वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों के जीत दर्ज करने की संभावना है। यदि यह अनुमान परिणाम में बदलता है तो नगर परिषद में बोर्ड गठन के समीकरण प्रभावित हो सकते हैं। कांग्रेस ने चुनाव के बाद स्पष्ट बहुमत हासिल कर बोर्ड बनाने का दावा किया है, जबकि भाजपा भी 20 से अधिक सीटों पर जीत का दावा कर रही है। ऐसे में परिणाम यह तय करेंगे कि दोनों प्रमुख दलों के दावों में कितना दम है और निर्दलीय प्रत्याशी सत्ता के समीकरण में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों वार्डों में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों के बीच कड़े मुकाबले की स्थिति बनी रही।



## बाइक सवार बदमाशों ने नकली पिस्तौल दिखाकर दंपति को लूटा, CCTV में कैद हुई पूरी वारदात

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने स्कूटी पर अपने घर लौट रहे बुजुर्ग दंपति (रिटायर्ड डॉ महेन्द्र जैन और उनकी पत्नी रिटायर शिक्षिका सुमित्रा जैन) को निशाना बनाया, जिससे दंपति जमीन पर गिए पड़े। दंपति वैशाली नगर से अपने निवास स्थान सिविल लाइन जा रहे थे तभी पीछे से आये दो बदमाशों ने सुमित्रा के गले से चेन तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। इस दौरान स्पीड ब्रेकर आने और झपटने की वजह से दोनों ही लोगों के वाहन असंतुलित हो गए और इस दौरान दंपति जमीन पर गिर गए। बदमाश सड़क पर गिरे लेकिन फिर उठकर दंपति के पास पहुंचे और नकली पिस्तौल दिखाकर सुमित्रा के गले से सोने की चेन तोड़ ली। हालांकि दंपति के शोर मचाने पर मौके पर आसपास के लोग आ गए और उन्होंने एक बदमाश को पकड़ लिया, जबकि दूसरा भाग गया। पकड़े गए बदमाश की मौके पर मौजूद लोगों ने पिटाई भी कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को दबोच लिया और उसे ठाणे ले गई। मौके से पुलिस ने बदमाशों की बाइक और नकली पिस्तौल बरामद की है। दंपति से लूट की ये पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें बदमाश लूट का प्रयास करते हुए दिख रहे हैं और दंपति जमीन पर गिरे हुए हैं। घटनास्थल से बुजुर्ग दंपति का घर 100 मीटर की दूरी पर था। पुलिस फरार बदमाश की तलाश में जुटी है। घटना का आश्चर्यजनक पहलू ये रहा कि बदमाशों के द्वारा चेन तोड़ने का पहला प्रयास असफल होने और बेलेंस बिगड़ने से जमीन पर गिरने के बाद भी बदमाशों के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने लूट की दोबारा कोशिश की और नकली पिस्तौल दिखाकर महिला के गले से चेन तोड़ ली। हालांकि लोगों के मौके पर पहुंचने से एक बदमाश पकड़ा गया। इससे पहले एक दिव्यांग से स्नैचिंग का मामला सामने आया था, जिसमें व्हीलचेयर पर ही पीड़ित पीछा करता रहा था। ये घटना भी सीसीटीवी में कैद हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने घटना के संबंध में साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया है। फुटेज में बदमाशों की गतिविधियां और दंपति के सड़क पर गिरने के बाद दोबारा उनके पास पहुंचने की पूरी घटना दिखाई दे रही है।



## नगर निगम जयपुर सहित 19 नगरीय निकायों की मतगणना के लिए तैयारियां पूरी

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत नगर निगम जयपुर एवं जिले की विभिन्न नगर परिषद, नगर पालिकाओं के अधीन वार्डों की मतगणना के लिए निर्धारित स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। नगर निगम जयपुर के 150 वार्डों की मतगणना श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सीकर रोड, जयपुर में की जाएगी। यहां ईवीएम संग्रहण एवं मतगणना कार्य के लिए कुल 15 मतगणना कक्षों में 150 टेबल निर्धारित की गई हैं। नगर निगम जयपुर की मतगणना व्यवस्था के तहत वार्ड 1 से 150 तक की मतगणना संबंधित विधानसभा क्षेत्र एवं वार्ड क्रमांक के अनुसार निर्धारित मतगणना कक्षों में होगी। उन्होंने बताया कि बिना अधिकृत प्रवेश पत्र क मतगणना केंद्र में कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं कर सकेगा।

## बाबू महाराज के मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई अर्जी



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बयाना। उपखंड के ग्राम पंचायत बाजना के औखलियापुरा स्थित अमरा बाबा मंदिर परिसर में रविवार को बाबू महाराज का विशाल मेला आयोजित हुआ। मेले में राजस्थान, मध्यप्रदेश और दिल्ली सहित दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और बाबू महाराज के दरबार में अपनी अर्जी लगाई। मंदिर परिसर में दिनभर अखंड पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने खीर, खांड और बूरे का प्रसाद चढ़ाकर बाबू महाराज के दर्शन किए तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं में बाबू महाराज के प्रति गहरी आस्था और विश्वास देखने को मिला। मान्यता है कि सफेद दाग सहित विभिन्न प्रकार की परेशानियों से पीड़ित लोग बाबू महाराज के दरबार में अर्जी लेकर आते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि बाबा की कृपा से उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसी आस्था के चलते बड़ी संख्या में लोग दूर-दराज क्षेत्रों से मेले में पहुंचे। शाम के समय बाबू महाराज की लीलाओं का गान किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी समस्याएं और मनोकामनाएं दरबार में रखकर अर्जी लगाई। मेले में सैकड़ों दुकानें भी सजीं, जहां श्रद्धालुओं ने खरीदारी की। पूरे मेला परिसर में दिनभर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे जय बाबू महाराज, जय अमरा बाबा' के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। मेले को लेकर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में विशेष चहल-पहल रही। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने परिवार सहित मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना में भाग लिया। सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ ग्रामीण परिवेश की पारंपरिक झलक भी देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने पूजा सामग्री, प्रसाद और घरेलू जरूरतों से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी की। सजी दुकानों के कारण मेला परिसर में दिनभर रौनक बनी रही और स्थानीय दुकानदारों में भी उत्साह नजर आया।

## जयपुर में पत्नी और 3 बेटियों की हत्या करने वाला गिरफ्तार, मर्डर के बाद खाटूश्याम जी का दर्शन किया

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। जयपुर में अपनी पत्नी और तीन बेटियों की हत्या के आरोपी राहुल झा (45 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया है। उसे सीकर से पकड़ा गया। करधनी पुलिस ने CCTV फुटेज की मदद से आरोपी का पता लगाया। पुलिस ने उसकी जानकारी देने वाले को 25,000 के इनाम देने की घोषणा की थी। जानकारी के अनुसार, पत्नी और तीन बेटियों की हत्या करने के बाद राहुल झा जयपुर से भागकर खाटूश्याम जी मंदिर गया और वहां पूजा-अर्चना की। मंदिर जाने के बाद, वह एक होटल में रुका। होटल में खर्चे के पैसे खत्म होने के बाद आरोपी ने अपनी अंगूठी बेचने की कोशिश की लेकिन होटल वाले ने अंगूठी लेने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपी होटल छोड़कर रिंगस पहुंचा। आरोपी के रिंगस में होने की जानकारी CST को मिली। पुलिस ने रिंगस से मुंह पर रुमाल बांधे घूमते आरोपी राहुल को धर दबोचा। इसके बाद आरोपी को जयपुर लाया गया। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने कर्ज में डूबा होने की बात कही है। पूछताछ में आरोपी ने कहा कि उसने यह खौफ़नाक कदम इसलिए उठाया क्योंकि वह भारी कर्ज में डूबा हुआ था। पुलिस को शक है कि उसने खाने में ज़हर मिलाकर अपनी पत्नी और तीनों बेटियों को खिलाया। बताया जाता है कि वह सुबह जल्दी उठा और अपनी पत्नी व बेटियों को देखा। उसे शक हुआ कि ज़हर देने के बावजूद वे शायद बच जाएंगी। इसके बाद उसने घर के बाहर रखा लगभग 10 किलो वजन और डेढ़ फ़ीट आकार का सीमेंट का स्लैब उठाया और बेहोशी की हालत में अपनी पत्नी और बेटियों के सिर और चेहरे पर कई बार वार किए।हत्याओं के बाद उसने अपने खून से सने कपड़े बदले और भाग गया। पुलिस की जांच से पता चला है कि राहुल ने सुबह करीब 7 बजे दूध वाले से दूध लिया और अपने बुजुर्ग पिता लक्ष्मीनाथ झा (85) के लिए चाय बनाई। इसके बाद उसने अपने पिता से कहा कि वह बाहर जा रहा है और घर से भाग गया। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले में बड़ा खुलासा किया जाएगा। बता दें कि पुलिस को शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे सूचना मिली कि एक महिला और उसकी तीन बेटियों की हत्या कर दी गई है। जब अधिकारी घर पहुंचे, तो उन्हें गीता झा (40) और उनकी बेटियों नंदिनी (22), राधिका (17) और गिरीश उर्फ गौरी (14) के खून से लथपथ शव मिले। गीता का शव घर की पहली मंज़िल के एक कमरे में मिला, जबकि उनकी तीनों बेटियों के शव ज़मीनी मंज़िल के दो कमरों में मिले।

## अजमेर DST व रामगंज पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, एक आरोपी की तलाश जारी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

अजमेर। साइबर ठगों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अजमेर जिला स्पेशल टीम (DST) और रामगंज थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने लाखों रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले में फरार चल रहे 5-5 हजार रुपये के तीन इनामी आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की है।म्यूल बैंक खातों के जरिए हुआ था 25 लाख से अधिक का फ्रॉड राज्य में साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस मुख्यालय से रामगंज थाने को दो संदिग्ध (म्यूल) खातों की जानकारी मिली थी। साइबर पोर्टल 1930 पर इन खातों से संबंधित कुल 25,17,294 रुपये के फ्रॉड का रिकॉर्ड दर्ज था। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने खाताधारक प्रदीप सिंह के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचकर ठगी की और विभिन्न खातों में हेरफेर करते हुए अपने बैंक खाते में 72,633.30 रुपये धोखाधड़ी से प्राप्त किए। इसके बाद थाना रामगंज में बीएनएस की धारा 316(2), 318(4) व 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले में नाम सामने आने के बाद तीनों आरोपी अपनी पहचान छिपाकर अजमेर और जयपुर में फरारी काट रहे थे। लगातार दबिश के बावजूद आरोपियों के हाथ न आने पर जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने 2 सितंबर को प्रत्येक आरोपी की गिरफ्तारी पर 5000-5000 रुपये का इनाम घोषित किया था। 13 सितंबर को डीएसटी प्रभारी सउनि शंकर सिंह रावत और कांस्टेबल रामनिवास को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि तीनों फरार आरोपी नवाब का बेड़ा, आशागंज इलाके में देखे गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने बताए गए ठिकाने पर दबिश दी और तीनों को मौके पर ही धर दबोचा। राजकुमार मंघानी (61 वर्ष) पुत्र जीवतराम, निवासी कविता वॉच दुकान के ऊपर, नवाब का बेड़ा, अजमेर। शानु मंघानी (60 वर्ष) पत्नी राजकुमार मंघानी, निवासी कविता वॉच दुकान के ऊपर, नवाब का बेड़ा, अजमेर।

## मनोरंजन समाचार

### 41 की उम्र में दूसरी बार मां बनने वाली हैं माहिरा खान, फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान ने घोषणा की है कि वह दूसरी बार मां बनने वाली हैं। 41 साल की एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक प्यारी सी तस्वीर के साथ यह खुशखबरी शेयर की, जिसमें वह अपना बेबी बंप दिखाती नजर आ रही हैं। व्हाइट कलर के लूज गाउन में माहिरा ने अपनी जिंदगी के इस नए पड़ाव की झलक दिखाते हुए बहुत सादगी से यह गुड न्यूज दी है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब एक्ट्रेस काफी व्यस्त हैं और टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2026 में अपना जलवा बिखेर रही हैं। माहिरा फेस्टिवल के 'कम्युनिटी इम्पैक्ट' प्रोग्रामिंग का हिस्सा रही हैं और सिनेमा में उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया है। माहिरा खान ने अपने इंटरनेशनल अपीयरेंस के दौरान फैंस के साथ अपनी प्रेग्नेंसी की खबर शेयर करने के लिए एक क्यूट सा पोस्ट का सहारा लिया। माहिरा की प्रेग्नेंसी की घोषणा किसी बड़े फोटोशूट या ग्रैंड सेटअप के साथ नहीं की गई। तस्वीर में वह व्हाइट कलर के लूज, फुल-स्लीव गाउन पहने हुए दिख रही हैं जो उनके बेबी बंप को कवर कर रहा है। कैमरे के लिए पोज देते हुए उन्होंने अपना एक हाथ पेट पर रखा है और उनका स्टाइल व ओवरऑल लुक काफी सिंपल है। एक्ट्रेस माहिरा खान ने तस्वीर के साथ लिखा, 'हम प्लान बनाते हैं और फिर अल्लाह का प्लान होता है।' एक्ट्रेस माहिरा खान की प्रेग्नेंसी की खबर बिजनेसमैन सलीम करीम से शादी के लगभग तीन साल बाद आई है। इस कपल ने अक्टूबर 2023 में एक प्राइवेट वेडिंग सेरेमनी में शादी की थी।

### सिंगल मदरहुड को लेकर नीना गुप्ता का छलका दर्द, बेटी मसाबा की परवरिश पर की बात



मशहूर एक्ट्रेस नीना गुप्ता अक्सर एक सिंगल मदर के तौर पर अपनी बेटी, फैशन डिजाइनर और एक्ट्रेस मसाबा गुप्ता की परवरिश के अपने अनुभव के बारे में बात करती रही हैं। नीना ने एक बार फिर सिंगल पेरेंटहुड की चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की है और कहा कि हालांकि यह फैसला उन्होंने अपने हालात के हिसाब से लिया था, लेकिन वह दूसरों को इस रास्ते पर चलने के लिए तब तक प्रोत्साहित नहीं करेंगी जब तक कि वे सच में ऐसा न करना चाहें। मसाबा एक्ट्रेस नीना गुप्ता और वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स की बेटी हैं। दोनों रिलेशनशिप में थे, लेकिन कभी शादी नहीं की क्योंकि रिचर्ड्स उस समय पहले से ही शादीशुदा थे। नीना ने अपनी बेटी को जन्म देने और भारत में उसकी परवरिश करने का फैसला किया। उन्होंने पहले भी बताया है कि यह सफर कितना मुश्किल था, जिसमें किसी से भी आर्थिक या भावनात्मक मदद लिए बिना मसाबा की परवरिश करने का उनका फैसला भी शामिल था। ज़ूम के साथ हाल ही में हुई बातचीत में नीना ने कहा कि वह सिंगल मदरहुड चुनने के विचार को बढ़ावा नहीं देंगी, क्योंकि यह बहुत मुश्किल हो सकता है। उन्होंने कहा, 'मैं इसे बढ़ावा नहीं दूंगी। मैंने हमेशा यही कहा है कि सिर्फ इसलिए ऐसा मत करो, क्योंकि मैंने किया था। यह बहुत मुश्किल है और बच्चे के लिए भी ठीक नहीं है। मैं अब भी यही कहूंगी।' नीना ने साफ किया कि उनकी यह सोच समाज की बातों या लोगों की राय के डर से नहीं है, बल्कि उनका मानना है कि सिंगल पेरेंट होना कई स्तर पर बहुत चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने आगे कहाः 'ऐसा लोगों की राय की वजह से नहीं है। यह आपके शरीर, आपकी आत्मा और आपकी आर्थिक स्थिति के लिए बहुत मुश्किल होता है और यह आपके बच्चे के लिए भी अच्छा नहीं है। इसलिए, मैं किसी को भी ऐसा रास्ता चुनने के लिए नहीं कहूंगी। हां, अगर वे खुद ऐसा करना चाहें तो यह उनकी मर्जी है।'

### डेलनाज ईरानी ने सालों तक क्यों ठुकराए पारसी किरदार



अभिनेत्री डेलनाज ईरानी को दर्शक लंबे समय से उनके मजेदार और यादगार किरदारों के लिए जानते हैं। छोटे पर्दे से लेकर फिल्मों तक, उन्होंने कई ऐसे किरदार निभाए हैं जिनमें उनकी कॉमेडी और अभिनय का अलग अंदाज देखने को मिला। हालांकि, इस बार डेलनाज कुछ ऐसा लेकर आई हैं जो उनके लिए भी एक तरह की नई चुनौती है। नेटफ्लिक्स की हालिया सीरीज चुंबक में वह एक पारसी किरदार निभा रही हैं। लेकिन इस किरदार को स्वीकार करना उनके लिए इतना आसान नहीं था। डेलनाज ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने करियर में लंबे समय तक पारसी किरदारों से दूरी बनाए रखी।

# ऋषभ शेट्टी, ऐश्वर्या राजेश और तेजा सज्जा का SIIMA 2026 में रहा दबदबा, इन सितारों ने जीते पुरस्कार

साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स (SIIMA) का 14वां एडिशन शनिवार को शुरू हुआ, जिसमें तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा के कई सितारे शामिल हुए। बेंगलुरु में दो दिन तक चलने वाले इस समारोह के पहले दिन जिन विजेताओं के नामों की घोषणा की गई, उनमें तेजा सज्जा, ऐश्वर्या राजेश और ऋषभ शेट्टी शामिल थे। SIIMA 2026 का आयोजन 12 और 13 सितंबर को कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में किया गया है। इन पुरस्कारों को भाषा के आधार पर दो दिनों में बांटा गया है। 12 सितंबर को तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों को सम्मानित किया गया, जबकि 13 सितंबर को तमिल और मलयालम सिनेमा को सम्मानित किया। इसके पहले साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स 2025 दुबई में हुआ था, जिसमें अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर और रश्मिका मंदाना सर्वश्रेष्ठ एक्ट्रेस का पुरस्कार मिला। तेजा सज्जा ने 'मिराई' में अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता। पहले दिन तेलुगु सिनेमा के लिए मिले खास सम्मानों में एक्टर की यह जीत भी शामिल थी। ऐश्वर्या राजेश के लिए भी यह शाम शानदार रही। उन्हें 'संक्रांति की वस्तुनाम' के लिए 'बेस्ट एक्ट्रेस' और 'बेस्ट एक्ट्रेस (क्रिटिक्स)' दोनों अवॉर्ड मिले। साक्षी म्हाडोलकर को 'मोगली' के लिए दो कैटेगरी में सम्मानित किया गया। उन्हें 'बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस' और 'बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर' का अवॉर्ड जीता, जिससे वह तेलुगु विजेताओं में एक खास नाम बन गईं। म्यूजिक कैटेगरी में भी 'संक्रांति की वस्तुनाम' और 'कोर्टः स्टेट वर्सेस ए नोबडी' को सम्मान मिला। रमना गोगुला ने 'संक्रांति की वस्तुनाम' के गाने 'गोदारी गट्टू' के लिए 'बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल)' का अवॉर्ड जीता, जबकि समीरा भारद्वाज को 'कोर्टः स्टेट वर्सेस ए नोबडी' के गाने 'प्रेमालो' के लिए 'बेस्ट प्लेबैक सिंगर (फीमेल)' चुना गया। पहले दिन कन्नड़ सिनेमा के भी कई विजेताओं को सम्मान मिला। ऋषभ शेट्टी ने 'कांताराः चैप्टर 1' के लिए 'बेस्ट एक्टर' का अवॉर्ड जीता, जिससे फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस के लिए उन्हें एक और बड़ी पहचान मिली। 'गाथा वैभव' के लिए SS दुष्यंत को 'बेस्ट डेब्यू एक्टर' चुना गया। वहीं 'सू फ्रॉम सू' के लिए जे. पी. थुमिनाड ने 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर' और 'बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर' का अवॉर्ड जीता। पहले दिन के नतीजों में जाने-माने स्टार्स और नए कलाकारों, दोनों के काम को सराहा गया। अवॉर्ड्स में एक्टिंग टैलेंट और कैमरे के पीछे के काम दोनों को मान्यता दी गई। बेंगलुरु में रविवार 13 सितंबर को SIIMA का जश्न जारी रहा, जहां पहला दिन तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा के नाम था। वहीं दूसरे दिन तमिल और मलयालम फिल्मों और कलाकारों पर फोकस रहेगा। समारोह के दूसरे दिन इन दो इंडस्ट्रीज के विजेताओं की घोषणा की जाएगी। दो शामों में बंटे इन अवॉर्ड्स के जरिए SIIMA 2026 दक्षिण भारत की चारों प्रमुख फिल्म इंडस्ट्रीज की उपलब्धियों को सम्मानित करेगा। 13 सितंबर को तमिल और मलयालम विजेताओं की घोषणा के साथ ही इस साल के SIIMA सम्मान पूरे हो जाएंगे।




# 'कसम से' फेम अभिनेत्री प्राची देसाई, टेलीविजन से बॉलीवुड तक बनाई खास पहचान



हिंदी फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक प्राची देसाई का जन्म 12 सितंबर 1988 को गुजरात के सूरत में हुआ था। उनके पिता का नाम निरंजन देसाई है, जो कि पेशे से कॉलेज प्रोफेसर हैं और मां का नाम अमिता देसाई है। वहीं, उनकी एक बहन भी है, जिनका नाम ईशा देसाई है। प्राची ने अपनी स्कूलिंग महाराष्ट्र के पंचगनी के सेंट जोसेफ कॉन्वेंट से पूरी की। इसके बाद उन्होंने पुणे के सिंहगढ़ कॉलेज से ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त की। प्राची को शुरू से ही एक्टिंग में रुचि थी। इसलिए उन्होंने पढ़ाई पूरी करने के बाद एक्टिंग की ओर रुख किया। वर्ष 2006 में प्राची देसाई ने एकता कपूर के लोकप्रिय टीवी शो 'कसम से' अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके अपोजिट राम कपूर थे। इस सीरियल में उन्होंने बानी दीक्षित वालिया का मुख्य किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया और उन्हें घर-घर में जबरदस्त पहचान मिली। टेलीविजन इंडस्ट्री में जबरदस्त पहचान बनाने के बाद अभिनेत्री ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया। वर्ष 2008 में अभिषेक कपूर के द्वारा डायरेक्ट की गई फिल्म 'रॉक ऑन' से किया। इस फिल्म में उनके साथ फरहान अख्तर, अर्जुन रामपाल, पूरब कोहली और शहाना गोस्वामी भी मुख्य किरदार में थे। पहली फिल्म में ही उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया और उन्होंने टेलीविजन इंडस्ट्री से बॉलीवुड में सफल पहचान बनाई। अपनी डेब्यू फिल्म में शानदार परफॉर्मेंस के लिए अभिनेत्री को बेस्ट फीमेल डेब्यू के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया। इसके बाद अभिनेत्री ने अन्य कई फिल्मों में काम किया, जिसमें 'लाइफ पार्टनर', 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई', 'तेरी मेरी कहानी', 'बोल बच्चन', 'आई, मी और हम', 'अजहर', 'फॉरेंसिक' आदि शामिल हैं। वर्ष 2010 में आई फिल्म 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' में एक्ट्रेस अजय देवगन, इमरान हाशमी और कंगना रनौत जैसे बड़े कलाकारों के साथ पर्दे पर नजर आईं। इस क्राइम ड्रामा फिल्म में मुमताज का किरदार निभाने के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का आईआईएफए पुरस्कार मिला। वहीं, रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी कॉमेडी फिल्म 'बोल बच्चन' उनके करियर की सबसे बड़ी व्यावसायिक सफलताओं में से एक रही। इसके अतिरिक्त, प्राची ने वर्ष 2007 में सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के दूसरे सीजन में बतौर कंटेस्टेंट भाग लिया और विजेता बनीं। एक्ट्रेस के व्यक्तिगत जीवन की बात करें तो उन्होंने शादी नहीं की है और इस वर्ष अपना 38वां जन्मदिन मनाने वाली हैं। टेलीविजन से फिल्मों तक के सफर में प्राची देसाई ने अलग-अलग तरह के किरदारों के जरिए अपनी पहचान मजबूत की। शुरुआती दौर में उन्हें पारिवारिक और रोमांटिक भूमिकाओं में पसंद किया गया, वहीं फिल्मों में उन्होंने कॉमेडी, क्राइम ड्रामा और गंभीर विषयों से जुड़े किरदार भी निभाए। उनकी सहज अदाकारी और स्क्रीन प्रेजेंस को दर्शकों ने लगातार सराहा। 'रॉक ऑन' के बाद 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' ने उनके फिल्मी करियर को नई दिशा दी। फिल्म में मुमताज के किरदार के जरिए उन्होंने अपनी अभिनय क्षमता का अलग पक्ष दिखाया। इसके बाद 'बोल बच्चन' जैसी व्यावसायिक फिल्म में कॉमेडी और मनोरंजन से भरपूर भूमिका निभाकर उन्होंने खुद को एक ही तरह के किरदारों तक सीमित नहीं रखा। प्राची ने समय के साथ फिल्मों के अलावा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काम किया। 'फॉरेंसिक' जैसी परियोजनाओं में उनके अभिनय को दर्शकों ने देखा। बदलते दौर के साथ उन्होंने अलग-अलग माध्यमों और भूमिकाओं को अपनाया, जिससे उनकी अभिनय यात्रा टेलीविजन और सिनेमा दोनों में जारी रही। अभिनेत्री के करियर की खास उपलब्धियों में 'झलक दिखला जा' के दूसरे सीजन की जीत भी शामिल है। अभिनय के साथ डांस के मंच पर उनकी सफलता ने उनकी बहुमुखी प्रतिभा को सामने रखा। इस उपलब्धि ने उन्हें मनोरंजन जगत में एक अलग पहचान दिलाई। 38वें जन्मदिन के मौके पर प्राची देसाई के प्रशंसक उनके अब तक के सफर और लोकप्रिय किरदारों को याद कर रहे हैं। टीवी की बानी से लेकर बड़े पर्दे की अलग-अलग भूमिकाओं तक उनका सफर इस बात का उदाहरण है कि मजबूत शुरुआत के बाद कलाकार लगातार नए माध्यमों और किरदारों के जरिए अपनी पहचान को आगे बढ़ा सकता है। प्राची देसाई ने अपने करियर में लोकप्रियता के साथ-साथ भूमिकाओं में विविधता पर भी ध्यान दिया। टीवी पर उन्हें जिस भावनात्मक और पारिवारिक अंदाज के लिए पहचान मिली, फिल्मों में उन्होंने उससे अलग छवि बनाने की कोशिश की। 'कसम से' में बानी का किरदार उनके लिए बड़ा ब्रेक साबित हुआ था।

## 16 साल के हुए अजय देवगन के लाडले, युग के बर्थडे पर मां काजोल ने लुटाया प्यार, लिखा प्यार भरा पोस्ट



बॉलीवुड के स्टार कपल अजय देवगन और काजोल के लिए आज काफी स्पेशल दिन है। 16 साल पहले आज ही के दिन यानी 13 सितंबर को काजोल और अजय देवगन के बेटे युग का जन्म हुआ था। आज युग का सोलहवां जन्मदिन है, इस मौके पर काजोल और अजय देवगन ने अपने लाडले बेटे के साथ प्यारी सी तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उन पर प्यार लुटाया। काजोल ने जहां युग के साथ अपनी लेटेस्ट फोटो शेयर करते हुए प्यार भरा लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखा है तो वहीं अजय देवगन ने एक थ्रोबैक फोटो शेयर करते हुए युग को बर्थडे विश किया। काजोल ने बेटे युग के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह युग को गले लगाए हैं और युग प्यार से अपनी मम्मी यानी काजोल का माथा चूम रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए काजोल ने कैप्शन में लिखा- 'स्वीट सिक्सटीन, यकीन नहीं होता कि तुम इतने बड़े हो गए... ये लगभग यकीन नहीं कर पाने वाला पल है। क्योंकि मैं जब भी तुम्हें देखती हूं, मुझे तुममें आज भी वही छोटा बच्चा नजर आता है। मुझे पता है कि अब तुम बड़े, लंबे और मजबूत हो गए हो, लेकिन मेरे लिए तुम हमेशा वैसे ही रहोगे.... आज छोटा युग और बड़ा युग... साथ है। तुम्हारे जन्मदिन पर मैं तुम्हें ढेर सारी शुभकामनाएं देती हूं।' मुझे उम्मीद है कि तुम एक अच्छे इंसान बनोगे।

## हनुमान अंश फिल्म की सफलता पर अनुप्रिया नागर बोलीं, उम्मीद से कहीं ज्यादा कमाई



हनुमान अंश की प्रोड्यूसर अनुप्रिया नागर के लिए इस फिल्म की कहानी उनके सफर से गहराई से जुड़ी हुई है। यूके में पढ़ाई के दौरान जब उन्होंने नीम करौली बाबा के बारे में रिसर्च की, तो उन्हें पता चला कि बाबा की सोच से एप्पल के फाउंडर स्टीव जॉब्स समेत कई विदेशी लोग प्रभावित थे। एक भारतीय होने के बावजूद बाबा के बारे में विदेशियों के जरिए जानना अनुप्रिया के मन में ऐसा सवाल छोड़ गया, जिसने उन्हें इस कहानी को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया। उस समय उन्होंने किताब और कॉमिक बुक जैसे कई विचार सोचे थे, लेकिन किस्मत उन्हें सीधे हनुमान अंश की स्क्रिप्ट तक ले गई। आज फिल्म जिस तरह दर्शकों के बीच पसंद की जा रही है और बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है, उसे देखकर अनुप्रिया का कहना है कि उन्हें भी इस सफलता की उम्मीद नहीं थी। अनुप्रिया नागर ने अपने सफर को याद करते हुए कहा, मैं यूके में पढ़ रही थी, इकोनॉमिक्स कर रही थी। मेरी यूके में जॉब लग गई थी और मेरा भारत वापस आने का कोई प्लान नहीं था। फाइनल ईयर में जब मैं रिसर्च कर रही थी, तब मैंने देखा कि नीम करौली बाबा ने एप्पल के फाउंडर स्टीव जॉब्स को प्रभावित किया। इसके साथ दूसरे विदेशी लोगों को भी प्रभावित किया। ऐसे में मेरे दिमाग में एक सवाल आया कि मैं भारतीय हूं लेकिन नीम करौली बाबा के बारे में मुझे विदेशियों से क्यों पता चला। अनुप्रिया ने अपने अनुभव को याद करते हुए कहा, उस समय मैंने इस कहानी को लोगों तक पहुंचाने के अलग-अलग तरीके सोचने लगी थीं। मेरे मन में किताब लिखने और कॉमिक बुक बनाने जैसे विचार आए। हालांकि जब मैं किसी काम से भारत वापस आई और मेरी मुलाकात प्रोड्यूसर रागिनी सोना से हुई। रागिनी ने मुझे बताया कि वह हनुमान अंश नामक फिल्म बना रही हैं और फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। ये जानकर मेरी जिज्ञासा बढ़ गई और मैंने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ने की इच्छा जताई। अनुप्रिया ने कहा, मैंने फिल्म की करीब 120 पेज की स्क्रिप्ट एक ही बार में पढ़ डाली। स्क्रिप्ट पढ़ते हुए मेरा कनेक्शन कहानी से इतना गहरा हो गया कि कई जगह मैं इमोशनल हुई और कई जगह रोंगटे खड़े हो गए। फिल्म जिस तरह से कमाई कर रही है, वह हमारी उम्मीदों से कहीं ज्यादा है।

# सार समाचार

## चीन ने ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने में सकारात्मक भूमिका निभाई



बीजिंग। नई दिल्ली में 12 और 13 सितंबर को होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भागीदारी को वैश्विक दक्षिण के बीच सहयोग मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस वर्ष ब्रिक्स सहयोग तंत्र की स्थापना के 20 वर्ष पूरे हो रहे हैं। दो दशकों में ब्रिक्स का विस्तार हुआ है और उभरती अर्थव्यवस्थाओं तथा विकासशील देशों के बीच इसकी प्रतिनिधित्व क्षमता, प्रभाव और आकर्षण लगातार बढ़ा है। भारत के न्यू साउथ एशिया फोरम के संस्थापक सुदीप्त कुलकर्णी का कहना है कि चीन ने ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने में सकारात्मक भूमिका निभाई है। उनके मुताबिक, न्यू डेवलपमेंट बैंक की स्थापना को बढ़ावा देना, 'ब्रिक्स प्लस' सहयोग मॉडल को आगे बढ़ाना और नई औद्योगिक क्रांति में साझेदारी के लिए नवाचार आधार जैसी पहलों ने ब्रिक्स को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप बनाए रखने में योगदान दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि राष्ट्रपति शी की आगामी भागीदारी से ब्रिक्स देशों के बीच एकजुटता, पारस्परिक सहयोग और वैश्विक दक्षिण की सामूहिक आवाज को और मजबूती मिल सकती है। ईरान और ओमान के बीच नए प्रवेश और निकास मार्ग को लेकर बनी सहमति को क्षेत्रीय स्तर पर तनाव कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली आवाजाही वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार के लिए बेहद अहम है। ऐसे में सुरक्षित और स्पष्ट मार्ग तय होने से यहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए अनिश्चितता कम हो सकती है।

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में यूएन प्रमुख ने की संघर्षों को रोकने की अपील, बोले- दुनिया को शांति की जरूरत




यूनाइटेड नेशंस। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शांति की अपील की। उन्होंने ऐसे संघर्षों को रोकने की अपील कि जिनका असर खास तौर पर ग्लोबल साउथ पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, "गाजा से लेकर पूरे मध्य पूर्व, यूक्रेन, सूडान और अन्य संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों तक दुनिया को शांति की जरूरत है।" उन्होंने कहा कि समावेशी वैश्विक विकास का रास्ता शांति से ही होकर जाता है। सम्मेलन में पश्चिम एशिया के संघर्ष से जुड़े कई नेता भी मौजूद थे। इनमें एक तरफ ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन थे, जबकि दूसरी ओर अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद शामिल थे। इसके अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी सम्मेलन में मौजूद थे।

## इराक और तुर्की समकक्षों से अराघची ने की फोन वार्ता, पश्चिम एशिया तनाव रोकने पर हुई चर्चा



तेहरान। ईरान, इराक और तुर्की ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव को और बढ़ने से रोकने की जरूरत पर जोर दिया है। यह मुद्दा शनिवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और उनके तुर्की और इराकी समकक्षों के बीच हुई अलग-अलग फोन वार्ताओं में प्रमुख रूप से उठाया गया। इसकी जानकारी ईरान के विदेश मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह जारी बयानों में दी गई। अराघची और तुर्की के विदेश मंत्री हकान फिदान के बीच हुई बातचीत में दोनों पक्षों ने क्षेत्र की ताजा स्थिति पर चर्चा की। दोनों ने इस बात पर सहमति जताई कि तनाव को और बढ़ने से रोकना और क्षेत्रीय संघर्षों को फैलने से रोकना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए लगातार बातचीत और कूटनीतिक प्रयास जारी रहने चाहिए। एक अलग फोन वार्ता में अराघची और इराक के विदेश मंत्री फुआद हुसैन ने दोनों देशों से जुड़े मुद्दों, क्षेत्रीय घटनाक्रम और चल रही प्रक्रियाओं पर चर्चा की। उन्होंने साझा सीमा क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने तथा आपसी समन्वय जारी रखने के महत्व पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने यह भी कहा कि क्षेत्रीय घटनाओं को जिम्मेदारी के साथ संभालना जरूरी है और संघर्षों को बढ़ने या दूसरे इलाकों तक फैलने से रोकने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। इस बीच, ईरानी अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि ईरान और ओमान ने होर्मुज स्ट्रेट के लिए नए प्रवेश और निकास मार्गों की रूपरेखा पर सहमति बना ली है। वहीं निकास मार्ग का एक हिस्सा भी ईरान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में आएगा।

# ओमान तट के पास भारतीय जहाज पर हमला, 13 क्रू मेंबर को रेस्क्यू किया, एक लापता



एक बार फिर समंदर में भारतीय कमर्शियल जहाज को निशाना बनाया गया। ओमान तट के पास भारतीय शिप MT El Gaia पर हमला हुआ। जिस वक्त हमला हुआ उस वक्त इस जहाज पर 14 क्रू मेंबर थे। सभी क्रू मेंबर भारतीय थे। 13 क्रू मेंबर्स को बचा लिया गया है जबकि एक लापता है जिसकी तलाश की जा रही है। इस बीच भारत ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में तनाव तुरंत कम करने की अपील करते हुए रविवार को ओमान के तट के पास एक व्यापारी जहाज पर हुए हमले की निंदा की और कहा कि जहाज पर 14 भारतीय सवार थे, जिनमें से अब तक 13 को बचा लिया गया है, साथ ही यह भी कहा कि लापता नागरिक के लिए सर्च ऑपरेशन अभी भी चल रहा है। विदेश मंत्रालय (MEA) ने एक बयान में कहा कि ओमान में भारतीय दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है, और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और बचाव ऑपरेशन के लिए उनके साथ सक्रिय रूप से तालमेल बिठा रहा है। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों की मदद करने के लिए ओमान के अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा, "हम तनाव तुरंत कम करने और क्षेत्र में शांति लाने के लिए बातचीत और डिप्लोमेसी को आगे बढ़ाने की अपनी अपील दोहराते हैं।" इसमें आगे कहा गया, "इस इलाके में कमर्शियल शिपिंग, नाविकों, आम लोगों और सिविलियन इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना मंजूर नहीं है। हम यह भी अपील करते हैं कि इस इलाके में इंटरनेशनल पानी के रास्तों से आज़ाद और सुरक्षित नेविगेशन और कॉमर्स का फ्लो जल्द से जल्द बहाल किया जाए।" बता दें कि यह हमला ऐसे समय में हुआ है जबकि नई दिल्ली में ब्रिक्स सम्मेलन चल रहा है। इस सम्मेलन में भारत की ओर जहाजों पर हमले और नाविकों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है। पीएम मोदी ने सेफ सी रूट पर जोर दिया था। सरकार के मुताबिक, इस इलाके में US-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से मारे गए 16 नाविकों में से 10 भारतीय नाविक शामिल हैं।

# तनाव के बीच पश्चिम एशिया से आई अच्छी खबर! होर्मुज में नए एंट्री-एग्जिट रूट पर राजी हुए ईरान और ओमान



मिडिल-ईस्ट में जारी तनाव के बीच एक अच्छी खबर आई है कि ईरान और ओमान, होर्मुज में प्रवेश और निकास के रास्ते पर राजी हो गए हैं। शिन्हुआ न्यूज के मुताबिक, ईरानी अफसरों ने बीते शनिवार को बताया कि ईरान और ओमान Strait of Hormuz के लिए नए एंट्री और एग्जिट रूट पर सहमत हो गए हैं। ईरानी अधिकारियों ने ये भी बताया कि वे आगामी सोमवार को मस्कट में होने वाली एक रीजनल मीटिंग में खाड़ी देशों को अपनी बातचीत के रिजल्ट के बारे में जानकारी साझा करेंगे। बता दें कि यह घटनाक्रम वेस्ट एशिया में बढ़ती टेंशन के बीच हुआ है, जहां यह रणनीतिक जलमार्ग अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय ध्यान का मुख्य केंद्र बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान और ओमान बातचीत के बाद नए रूट्स पर राजी हो गए हैं और इसकी जानकारी मस्कट में होने वाली रीजनल बैठक में गल्फ कंट्रीज के सामने रखी जाएगी। हालांकि, इससे पहले पिछले हफ्ते ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के नए चीफ मोहसिन रेजाई ने कहा कि ईरान, होर्मुज स्ट्रेट के बाहर एक 'Restricted Entry Area' घोषित करने की प्लानिंग कर रहा है। Restricted Entry Area का मकसद उन जहाजों को रोकना या उन पर नजर रखना होगा, जिनके बारे में ईरान को शक है कि वे होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरने का प्रयास कर रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में अमेरिका ने ईरानी तेल टैंकरों पर अटैक भी किया था। यह जवाबी एक्शन ईरान की तरफ से अमेरिकी युद्धपोतों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागे जाने के बाद हुआ था। एक्सपर्ट्स ने इन मिसाइल अटैक्स को टेंशन बढ़ाने वाला खतरनाक कदम बताया था। इससे पहले, होर्मुज स्ट्रेट में ईरान के हमलों का निशाना कमर्शियल शिप रहे थे। मोहसिन रेजाई ने कहा था कि Restricted Entry Area का ऐलान आने वाले दिनों में किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'Restricted Entry Area अमेरिकन नेवी नाकाबंदी की सरहद से शुरू होगा, होर्मुज की तरफ बढ़ेगा और इस ओर से फारस की खाड़ी तक फैलेगा। जो भी शिप, होर्मुज से गुजरने के इरादे से इस Restricted Entry Area में एंट्री करेगा और जिसकी पहचान हो जाएगी, उसे हमारी प्रतिबंध सूची में डाल दिया जाएगा।' ईरान और ओमान के बीच नए प्रवेश और निकास मार्ग को लेकर बनी सहमति को क्षेत्रीय स्तर पर तनाव कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।

# बांग्लादेश का ब्रिक्स से किनारा कूटनीतिक परिपक्वता की कमी दर्शाता है : रिपोर्ट



ढाका। बांग्लादेश सरकार का 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से दूरी बनाना देश के लिए एक बड़े कूटनीतिक अवसर को गंवाने जैसा है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय शक्तियों के साथ संवाद के इस मौके से दूर रहने का फैसला बांग्लादेश के राष्ट्रीय हितों के लिहाज से समझ से परे है। बांग्लादेश के विदेश मामलों के राज्य मंत्री हुमायून कबीर के उस बयान को भी रिपोर्ट में दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान को शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि बिम्सटेक के अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित किया गया था। बांग्लादेश के अखबार 'डेली सन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह अंतर प्रक्रियात्मक रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन इसे देश की ओर से ब्रिक्स में शामिल नहीं होने का पर्याप्त कारण मानना कूटनीतिक परिपक्वता की कमी को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया कि बिम्सटेक की अध्यक्षता कर रहे बांग्लादेश के लिए यह निमंत्रण कम नहीं, बल्कि और अधिक महत्वपूर्ण होना चाहिए था। रिपोर्ट में कहा गया, "ढाका इस अवसर का इस्तेमाल खुद को बंगाल की खाड़ी क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण आवाज के रूप में पेश करने के लिए कर सकता था। वह बिम्सटेक को अंतरराष्ट्रीय एजेंडे में अधिक प्रमुखता से ला सकता था और भारत, चीन, रूस तथा अन्य भाग लेने वाले देशों के साथ उच्चस्तरीय बैठकों के जरिए क्षेत्रीय संपर्क, व्यापार, ऊर्जा सहयोग, जलवायु लचीलापन और रोहिंग्या मुद्दे को आगे बढ़ा सकता था।" रिपोर्ट के अनुसार, इसके बजाय बिम्सटेक के आयाम को लगभग एक तकनीकी मुद्दे के तौर पर देखा गया।

# कांगो में इबोला का 17वां प्रकोप काबू में, खतरा अभी भी पूरी तरह टला नहीं : डीआरसी



किंशासा। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) सरकार के अनुसार, देश में फैला इबोला प्रकोप अब नियंत्रण में है और यह अपने चरम स्तर को पार कर चुका है। हालांकि, स्थानीय स्तर पर अचानक सामने आ रहे नए मामलों, संक्रमण के निरंतर प्रसार और इसके सातवें प्रांत तक पहुंचने के कारण अभी भी खतरा पूरी तरह टला नहीं है। सरकार के प्रवक्ता पैट्रिक मुयाया ने शुक्रवार को कैबिनेट बैठक की रिपोर्ट पढ़ते हुए स्वास्थ्य मंत्री रोजर कंबा का हवाला देते हुए कहा, "इबोला का 17वां प्रकोप काबू में है और अगस्त 2026 के तीसरे सप्ताह की शुरुआत में यह अपने चरम पर पहुंच गया था" सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार का कहना है कि सभी मुख्य संकेत मामले घटने की ओर इशारा कर रहे हैं। प्रकोप के हालिया विस्तार से पहले प्रभावित 10 स्वास्थ्य क्षेत्रों में कम से कम 21 दिनों से कोई नया मामला सामने नहीं आया है, जबकि प्रकोप के केंद्र पूर्वी प्रांत इटुरी के कई इलाकों में संक्रमण की रफ्तार धीमी हुई है। इसके बावजूद, अधिकारियों ने लगातार सतर्कता बरतने और कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग (संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने) को सख्ती से करने को कहा है। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में हाल ही में मामले बढ़े हैं, वहां कड़ी निगरानी जरूरी है। कांगो के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और मौजूदा सांसद जीन-जैक्स मबुंगानी मबांडा ने इस आकलन को लेकर सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने शनिवार को कहा कि कुछ इलाकों में मामलों में कमी का मतलब यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि हर जगह संक्रमण पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकोप में, जहां संक्रमण कई जगहों से फैल रहा हो, अलग-अलग इलाके अलग-अलग समय पर अपने चरम पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि महामारी का ग्राफ (एपिडेमिक कर्व) केवल पहचाने गए मामलों को दिखाता है और समुदायों में मौजूद उन संक्रमणों से प्रभावित हो सकता है जिनकी पहचान नहीं हो पाई है।

# इंडोनेशिया में 240 लोगों को ले जा रहा समुद्री जहाज डूबा, 130 यात्री लापता

जकार्ता। इस वक्त की बड़ी खबर इंडोनेशिया से सामने आ रही है। यहां के बोर्नियो द्वीप के पास खराब मौसम की वजह से जावा सागर में एक जहाज डूब गई। इस जहाज पर 240 से ज्यादा लोग सवार थे। जहाज से संपर्क टूटने के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। फिलहाल पानी में तलाशी अभियान बढ़ने के बाद अब तक 6 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। वहीं कम से कम 107 लोगों को बचा लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अभी भी 130 यात्री लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। इंडोनेशियाई बचाव दल का कहना है कि रविवार को जावा सागर में खराब मौसम के कारण 240 से ज्यादा लोगों को ले जा रही एक फेरी के डूबने के बाद करीब 130 यात्री और क्रू मेंबर लापता हैं। जहाज की आखिरी ज्ञात स्थिति के आसपास के पानी में तलाशी अभियान बढ़ने पर कम से कम 107 लोगों को बचाया गया और छह यात्रियों के शव बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि फेरी पूर्वी जावा के सुराबाया से दक्षिण कालीमंतन प्रांत के बंजारमासिन जा रही थी। बंजारमासिन सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस के प्रमुख आई पुतु सुदायाना ने कहा कि जहाज के कप्तान ने संकट का संदेश भेजने से पहले समुद्र में खराब हालात और 10 फीट तक ऊंची लहरों की सूचना दी थी और कहा था कि जहाज एक तरफ झुक रहा है। यह जहाज इंडोनेशिया के दूसरे सबसे बड़े शहर सुराबाया से बोर्नियो द्वीप पर स्थित शहर बंजारमासिन के लिए निकला था।

# यमन में हूती हमले से भारी नुकसान, एक महीने में 500 से ज्यादा सैनिकों की मौत

अदन (यमन)। यमन की सरकारी सेना ने रविवार को दावा किया कि पश्चिमी तटीय क्षेत्र में हूती विद्रोहियों के साथ एक महीने तक चली लड़ाई में उसके 500 से अधिक सैनिक मारे गए और करीब 1,500 सैनिक घायल हुए हैं। यह संघर्ष उस समय हुआ जब हूती समूह ने रणनीतिक बाब-अल-मंदब जलडमरूमध्य की ओर तेजी से बढ़त बनाई। सरकारी सेना की नेशनल रेजिस्टेंस फोर्सेज ने अल-जुम्हूरिया टीवी पर जारी बयान में कहा कि 9 अगस्त से 10 सितंबर के बीच ये हताहत हुए। सेना ने यह भी दावा किया कि इस दौरान 1,000 से अधिक हूती लड़ाके मारे गए और हजारों अन्य घायल हुए हैं। हालांकि इन आंकड़ों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। बयान के अनुसार, संघर्ष की शुरुआत हूती विद्रोहियों द्वारा मिसाइल, ड्रोन और विस्फोटक नौकाओं से किए गए हमलों से हुई। इसके बाद लड़ाई होदेदाह प्रांत के लाल सागर तटीय क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से हैस से बढ़कर पड़ोसी दक्षिण-पश्चिमी ताइज प्रांत के कई इलाकों तक फैल गई। सरकारी सेना के अनुसार, 3 सितंबर को शुरू हुए हूती हमले ने यमन के लाल सागर तट पर हालात तेजी से बदल दिए। इस दौरान हूती विद्रोहियों ने होदेदाह और ताइज प्रांत के कई सरकारी नियंत्रण वाले क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया। हूतियों ने गुरुवार को रणनीतिक महत्व वाले बंदरगाह शहर मोखा पर कब्जा कर लिया। इसके बाद शुक्रवार को वे दक्षिण की ओर बाब-अल-मंदब की ओर आगे बढ़े और जलडमरूमध्य के बीच स्थित मायून द्वीप पर भी नियंत्रण स्थापित कर लिया।

# यूक्रेन के आसमान में मंडरा रहे घातक 'शाहेद ड्रोन', जेलेंस्की ने कहा- अर्थव्यवस्था को निशाना बना रहा रूस



कीव। यूक्रेन पर रूस के घातक हमले जारी हैं। शनिवार को भी रूस ने लगभग 500 ड्रोन से यूक्रेन पर हमला किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस को जब सैन्य मोर्चे पर सफलता नहीं मिली तो उसने यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद्य सामान के गोदाम, पेट्रोल पंप, दवा निर्माण और भंडारण से जुड़ी सुविधाएं, आम यात्री ट्रेनों को निशाना बनाया जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट पर रूस के घातक हमलों की जानकारी साझा की। जेलेंस्की ने पोस्ट में बताया कि रूस के ड्रोन हमले आज पूरे दिन जारी रहे हैं, और इस समय भी "शाहेद" ड्रोन आसमान में मौजूद हैं। सुबह से अब तक लगभग 500 हमला करने वाले ड्रोन लॉन्च किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि असल में, रूस ने इस युद्ध को सिर्फ मोर्चे तक सीमित नहीं रखा है। जहां उसे सैन्य मोर्चे पर सफलता नहीं मिल रही, वहां उसने अब यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। उसकी रणनीति बेहद सीधी है, उन सभी जगहों को नष्ट करना जो लोगों को युद्ध की कठिन परिस्थितियों में टिके रहने में मदद कर सकती हैं। जेलेंस्की ने आरोप लगाया कि रूसी हमलों में खाद्य सामान के गोदाम, पेट्रोल पंप, दवा निर्माण और भंडारण से जुड़ी सुविधाएं, आम यात्री ट्रेनें, रिहायशी इमारतें और नागरिक व्यवसायों को निशाना बनाया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में ही रूस ने एक इस्पात (स्टील) कारखाने पर हमला किया, जो एक भारतीय कारोबारी के स्वामित्व में है।

# खेल समाचार

## श्री चरणी ने रचा इतिहास, पहली बार किसी भारतीय गेंदबाज ने T20I क्रिकेट में झटके 35 से ज्यादा विकेट

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा स्पिनर श्री चरणी ने 13 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में इतिहास रच दिया। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में चरणी ने 36वां विकेट लेते ही महिला T20 इंटरनेशनल में एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर बनने का गौरव हासिल किया।

चरणी ने अपना ऐतिहासिक विकेट श्रीलंका की अहम बल्लेबाज हर्षिता समरविक्रमा को आउट करके झटका। हर्षिता ने सीधी गेंद को मिडऑन के ऊपर से खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेकर सीधे गेंदबाज के पास लौट गई। चरणी ने कैच पूरा करते हुए समरविक्रमा की पारी खत्म कर दी। इस विकेट के बाद श्रीलंका का स्कोर 86 रन पर चार विकेट हो गया। इसके साथ ही श्री चरणी ने एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा T20I विकेट लेने का बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। इसके बाद चरणी ने 16वें ओवर में दो विकेट लेकर श्रीलंका की पारी को पूरी तरह पटरी से उतार दिया। देखते ही देखते श्रीलंका का स्कोर 101 रन पर 6 विकेट हो गया। 111 रन पर श्रीलंका की पूरी टीम पवेलियन लौट गई। इस तरह भारत ने बड़े अंतर से खिताबी मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## टीम इंडिया ने जीता महिला टी20 एशिया कप का खिताब, फाइनल में श्रीलंका महिला टीम को 72 रनों से हराया




वुमेंस एशिया कप 2026 का फाइनल भारत और श्रीलंका के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में टीम इंडिया ने श्रीलंका को 72 रनों से हराकर 8वीं बार एशिया कप ट्रॉफी अपने नाम की। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी की करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। श्रीलंका की तरफ से इस मैच में कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ओपनर स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने टीम को बहुत शानदार शुरुआत दिलाई और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 129 रनों की बड़ी साझेदारी हुई। शेफाली ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 39 गेंदों में 68 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 2 छक्के शामिल थे। इसके बाद स्मृति मंधाना भी 39 गेंदों पर 59 रन (5 चौके, 3 छक्के) बनाकर आउट हो गईं। शुरुआत में जिस तरह दोनों बल्लेबाजी कर रही थीं, उसे देखकर लग रहा था कि भारत 200 रनों का आंकड़ा आसानी से पार कर लेगा। लेकिन पहला विकेट गिरते ही भारतीय पारी अचानक लड़खड़ा गई। टीम ने सिर्फ 54 रनों के अंदर अपने अगले 4 विकेट गंवा दिए। ऋचा घोष ने 17 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 14 रन बनाए, जबकि जी. कमालिनी 15 रन बनाकर नाबाद रहीं।

## US ओपन का खिताब गंवाने के बाद सबालेंका का फूटा गुस्सा, कोर्ट पर तोड़ा रैकेट




US ओपन में लगातार तीसरी बार चैंपियन बनने का सपना टूटने के बाद आर्यना सबालेंका अपना गुस्सा नहीं रोक सकीं। एलेना रिबाकिना के खिलाफ फाइनल में 6-4, 5-7, 6-2 से हार के बाद सबालेंका ने कोर्ट पर ही अपना रैकेट पटक दिया। रिबाकिना जहां जीत का जश्न मना रही थीं, वहीं कुछ ही दूरी पर बैठी सबालेंका निराशा में रैकेट को जोर से कोर्ट पर मारती दिखाई दीं और फिर उसे एक तरफ फेंक दिया। रिबाकिना के चैंपियनशिप प्वाइंट जीतते ही ब्रॉडकास्ट कैमरा पहले उनकी ओर गया, जहां वह दर्शकों का अभिवादन कर रही थीं। इसके बाद कैमरा सबालेंका की तरफ मुड़ा। बेंच पर बैठी सबालेंका बेहद निराश नजर आईं और उन्होंने अपना रैकेट कोर्ट पर पटक दिया। बाद में जब एक कैमरापर्सन उनकी भावनाओं को कैमरे में कैद करने की कोशिश कर रहा था, तो सबालेंका ने उस पर भी नाराजगी जाहिर की। रिबाकिना की इस जीत ने सिर्फ सबालेंका का लगातार तीसरा US ओपन खिताब जीतने का सपना ही नहीं तोड़ा, बल्कि उन्हें WTA रैंकिंग में भी नंबर-1 की कुर्सी से हटा दिया। 14 सितंबर को रिबाकिना आधिकारिक तौर पर दुनिया की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगी। सबालेंका ने लगातार 99 सप्ताह तक नंबर-1 रैंकिंग पर कब्जा बनाए रखा था। यह उनका शीर्ष रैंकिंग पर दूसरा कार्यकाल था। इससे पहले 2023 में वह केवल 8 सप्ताह तक दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी रही थीं। हार के बाद सबालेंका ने रिबाकिना के शानदार प्रदर्शन की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि वह अपने प्रदर्शन के स्तर से खुश नहीं थीं, लेकिन रिबाकिना ने बेहतरीन सर्विस की और बेहद आक्रामक टेनिस खेला। सबालेंका ने माना कि उस दिन रिबाकिना उनसे बेहतर खिलाड़ी साबित हुईं।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रिकॉर्ड छठी बार जीता जूनियर एशिया कप, फाइनल में साउथ कोरिया को 4-1 से हराया




मोकी (चीन)। भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को मोकी ट्रेनिंग बेस पर खेले गए फाइनल में साउथ कोरिया को 4-1 से हराकर रिकॉर्ड छठी बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। भारतीय पुरुष टीम ने लगातार चौथी बार यह महाद्वीपीय खिताब जीता और एफआईएच जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालीफाई किया। एशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मुकाबले में भारतीय टीम का दबदबा रहा। भारत के लिए अजीत यादव, अनमोल एक्का, प्रभदीप सिंह और आशु मौर्य ने गोल किए, जबकि कोरियाई टीम के लिए एकमात्र गोल ली मिनह्योक ने किया। यादव ने 9वें मिनट में भारत के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद एक्का ने 13वें मिनट में गोल करके भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। पहले क्वार्टर के अंत तक भारत 2-0 से आगे हो गया। प्रभदीप ने 21वें मिनट में भारत के लिए तीसरा गोल किया। भारत ने अपना दबदबा बनाए रखा और हाफ-टाइम ब्रेक तक कोरियाई टीम पर 3-0 की बड़ी बढ़त बना ली। साल 2000 की चैंपियन टीम को वापसी के लिए कुछ खास करने की जरूरत थी, लेकिन वे वापसी करने में नाकाम रहे। मौर्य ने 50वें मिनट में भारत के लिए एक और गोल करके टीम की बढ़त को 4-0 कर दिया। इसके बाद मिनह्योक ने 54वें मिनट में कोरियाई टीम के लिए गोल किया, लेकिन उनका यह एकमात्र गोल कोई खास असर नहीं डाल सका और भारत ने 4-1 से मुकाबला जीतकर छठी बार यह महाद्वीपीय खिताब अपने नाम किया। भारत ने अब लगातार चौथी बार जूनियर हॉकी एशिया कप जीता है और लगातार तीन खिताब जीतने के मामले में पाकिस्तान के साथ बराबरी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस हालिया जीत से पहले भारतीय टीम ने 2015, 2023 और 2024 में खिताब जीते थे। भारत पहले से ही इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीम रही है। पाकिस्तान इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है, जिसने 1988 से 1996 के बीच तीन खिताब जीते थे। कोरिया ने 2000 में एक बार ट्रॉफी को अपने नाम किया था, जबकि मलेशिया ने 2012 में खिताब जीता था। शी जिनपिंग की मौजूदगी से सम्मेलन में चीन की भूमिका और ब्रिक्स के भविष्य को लेकर चर्चा और महत्वपूर्ण हो गई है। भारत की मेजबानी में होने वाले इस शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों के बीच आर्थिक सहयोग, व्यापार, तकनीक और विकास से जुड़े मुद्दों पर आगे की रणनीति तय करने पर जोर रहेगा। बदलती वैश्विक परिस्थितियों में ब्रिक्स की सामूहिक क्षमता बढ़ाना सम्मेलन की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हो सकता है। पिछले दो दशकों में ब्रिक्स का स्वरूप केवल कुछ उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह से आगे बढ़कर व्यापक सहयोग मंच के रूप में विकसित हुआ है। नए सदस्यों और साझेदार देशों के जुड़ने से इसकी भौगोलिक पहुंच और आर्थिक प्रभाव बढ़ा है। ऐसे में वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए ब्रिक्स अपनी प्राथमिकताओं और चिंताओं को अंतरराष्ट्रीय मंच पर रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। न्यू डेवलपमेंट बैंक भी ब्रिक्स सहयोग का एक प्रमुख संस्थागत आधार बनकर उभरा है। विकासशील देशों में बुनियादी ढांचे और सतत विकास से जुड़ी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराने की इसकी भूमिका को आगे और मजबूत किए जाने की संभावना है।

## विमेंस एशिया कप: फाइनल में भारत ने टॉस जीतकर चुनी बल्लेबाजी, प्रतिका की जगह कमलिनी को मौका




दुबई। विमेंस एशिया कप 2026 के फाइनल मुकाबले में भारत की भिड़ंत श्रीलंका के साथ हो रही है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। टॉस जीतने के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, "हम पहले बैटिंग करेंगे। यह हमारे लिए बहुत अहम मैच है, हमें बोर्ड पर अच्छा स्कोर खड़ा करना होगा। हर फाइनल अहम होता है, दबाव भी होता है, लेकिन हमें अच्छा क्रिकेट खेलना है। हमारी टीम में एक बदलाव है, प्रतिका आराम कर रही हैं और कमलिनी खेल रही हैं।" प्रतिका का टूर्नामेंट में अब तक प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा था और इसी कारण उनकी जगह पर विकेटकीपर-बल्लेबाज कमलिनी को मौका दिया गया है। टॉस हारने के बाद श्रीलंकाई कप्तान चमारी अटापट्टू ने कहा, "हम पहले गेंदबाजी करना चाहते थे। एक देश के तौर पर हमें लगातार बेहतर होते रहना होगा और पॉजिटिव क्रिकेट खेलना होगा। हमारी टीम में एक बदलाव भी है। हमें कुछ अनुभव चाहिए था। उनके पास अच्छे बल्लेबाज हैं, इसलिए शुरुआती छह ओवर बहुत अहम हैं। विष्मी गुणरत्ने संजना कविंदी की जगह खेल रही हैं।" भारतीय टीम का प्रदर्शन टूर्नामेंट में अब तक शानदार रहा है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने अजेय रहते हुए फाइनल में जगह बनाई है। बल्लेबाजी में स्मति मंधाना और शेफाली वर्मा का प्रदर्शन दमदार रहा है। शेफाली 4 मुकाबलों में 169 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 168 रन बना चुकी हैं, तो मंधाना ने एक शतक के साथ 4 मुकाबलों में 154 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा, श्री चरणी और प्रेमा रावत का जादू खूब चला है। दीप्ति 11 विकेट निकाल चुकी हैं, जबकि चरणी ने 8 विकेट निकाले हैं। दूसरी ओर, श्रीलंका का प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में दमदार रहा था। श्रीलंका ने पिछले एशिया कप के फाइनल में भारतीय टीम को हराते हुए खिताब पर कब्जा जमाया था। टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

## मोहसिन नकवी से एशिया कप की ट्रॉफी नहीं लेने पर कोच मजूमदार का बड़ा बयान, बोले- BCCI का स्टैंड




भारत ने रविवार को श्रीलंका को 72 रन से हराकर ACC वूमेन्स एशिया कप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने 8वीं बार एशिया कप ट्रॉफी जीतकर एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया। लेकिन खिताबी जीत के बाद जिस चीज ने सबसे ज्यादा चर्चा बटोरी, वह भारतीय टीम का ट्रॉफी लेने के लिए मंच पर नहीं पहुंचना रहा। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मुकाबला खत्म होने के करीब 40 मिनट बाद प्रेजेंटेशन सेरेमनी शुरू हुई। इस दौरान श्रीलंकाई खिलाड़ियों को रनर-अप मेडल दिए गए और कप्तान चामारी अटापट्टू का इंटरव्यू भी हुआ, लेकिन भारतीय टीम का कोई सदस्य मंच के आसपास नजर नहीं आया।

आखिरकार बिना ट्रॉफी प्रेजेंटेशन के कार्यक्रम खत्म हो गया। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने मैच के बाद इस पूरे मामले पर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि ट्रॉफी नहीं लेने का फैसला BCCI का था और टीम इस रुख के साथ खड़ी है। मजूमदार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह स्टैंड BCCI ने लिया है और हम इसके साथ हैं। हमारे लिए यह टूर्नामेंट खत्म हो चुका है। हम चैंपियन हैं और हमारे लिए इतना ही काफी है। बड़े बोर्ड पर भी लिखा था कि भारत एशिया कप 2026 का चैंपियन है। उन्होंने आगे कहा कि यह टूर्नामेंट आधिकारिक तौर पर हमारे लिए खत्म हो गया है। हम खुश हैं कि हम चैंपियन बने। अब हमारा ध्यान एशियन गेम्स पर है। अमोल मजूमदार से जब पूछा गया कि भारतीय टीम को ट्रॉफी आखिर कब मिलेगी, तो उन्होंने कहा कि फिलहाल उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई खबर नहीं है, इसलिए वह इसका जवाब नहीं दे सकते। फाइनल खत्म होने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने BCCI सचिव देवजीत सैकिया और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के साथ निजी तौर पर जीत का जश्न मनाया।

## ईशान किशन ने पूरी की खास फिफ्टी, बन गए सचिन-रोहित के स्पेशल क्लब का हिस्सा




भारतीय क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के खेले गए पहले मुकाबले को 7 विकेट से अपने नाम करने में कामयाब रही। टीम इंडिया को पहले मुकाबले में 157 रनों का टारगेट मिला था, जिसको उन्होंने सिर्फ 13.4 ओवर्स में हासिल कर लिया जिसमें अभिषेक शर्मा के 82 रन और ईशान किशन के 42 रनों की पारी ने आसान जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। इस मैच में ईशान किशन ने अपनी 42 रनों की पारी के साथ एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल कर ली जिसमें वह एक साल में इंटरनेशनल क्रिकेट में 50 या उससे अधिक छक्के लगाने वाले सिर्फ 7वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

टीम इंडिया में लंबे समय के बाद जब ईशान किशन को इस साल की शुरुआत में वापसी करने का मौका मिला तो उन्होंने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा और उसके बाद से उनका बल्ले से जबरदस्त फॉर्म देखने को मिला है। ईशान किशन अभी मौजूदा समय में आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 की पोजीशन पर काबिज हैं, वहीं टी20 के साथ वनडे में भी उनके बल्ले का कमाल देखने को मिला है।

## भारत बनाम अफगानिस्तान: अभिषेक शर्मा ने टी20 क्रिकेट में पूरे किए 3 हजार रन

नई दिल्ली। भारत ने पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया। टीम की इस जीत के नायक अभिषेक शर्मा रहे, जिन्होंने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 32 गेंदों में 82 रनों की आतिशी पारी खेली। अभिषेक ने अपनी इस पारी में 256 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 7 चौके और इतने ही छक्के लगाए। अभिषेक ने टी20 क्रिकेट में 3 हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। वह गेंदों के लिहाज से दूसरे सबसे तेज 3 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने हैं। अभिषेक ने यह उपलब्धि 3,420 गेंदें खेलकर पूरी कीं। इस लिस्ट में भारतीय बल्लेबाज से आगे सिर्फ न्यूजीलैंड के फिन एलेन हैं, जिन्होंने यह मुकाम 3,386 गेंदें खेलकर हासिल किया है। अभिषेक ने इस मामले में आंद्रे रसेल और टिम डेविड को पीछे छोड़ा। रसेल ने टी20 में 3 हजार रन 3,550 गेंदें खेलकर पूरे किए हैं, जबकि डेविड को इस मुकाम तक पहुचंने के लिए 3,681 गेंदें लगी थीं। 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। संजू सैमसन 8 गेंदों में 10 रन बनाने के बाद उमरजई का शिकार बने। हालांकि, इसके बाद ईशान किशन और अभिषेक ने मोर्चा संभाला। ईशान ने 5 चौके और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाए।

## प्रमोद भगत ने जीता गोल्ड और सिल्वर, सुकांत ने जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में 100 मेडल पूरे किए




टोक्यो। भारत के स्टार पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने टोक्यो में आयोजित 'जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026' में शानदार प्रदर्शन किया। प्रमोद ने एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता, जबकि सुकांत ने 100 मेडल का अहम माइलस्टोन पूरा किया। प्रमोद ने मेंस सिंगल्स एसएल3 फाइनल में अपने ही देश के यू कुमार के खिलाफ 21-16, 21-08 से जीत दर्ज करते हुए गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने सुकांत के साथ मिलकर मेंस डबल्स एसएल3-एसयू5 में भी सिल्वर मेडल जीता, जहां उन्हें इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी और फ्रेडी सेतियावान से हार का सामना करना पड़ा। इस इवेंट में गोल्ड और सिल्वर जीतने के बाद प्रमोद ने खुशी जताते हुए कहा, "मैं टूर्नामेंट का समापन एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल के साथ करके बहुत खुश हूं। सिंगल्स फाइनल चुनौतीपूर्ण था, खासकर तब जब यू कुमार ने शुरुआती बढ़त बना ली थी, लेकिन मैंने धैर्य बनाए रखा और अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया। एक बार जब मुझे अपनी लय मिल गई, तो मैं खेल पर नियंत्रण पाने में सफल रहा। डबल्स का नतीजा वैसा नहीं रहा जैसा हम चाहते थे, लेकिन मुझे उस संघर्ष पर गर्व है जो हमने दिखाया। हर इंटरनेशनल टूर्नामेंट सीखने और सुधार करने का एक मौका होता है। मैं जापान से सकारात्मक चीजें लेकर जाऊंगा।" इस बीच, टूर्नामेंट के दौरान सुकांत ने अपने करियर में 100 मेडल का शानदार माइलस्टोन हासिल किया, जो उन्हें डबल्स में सिल्वर मेडल और मेन्स सिंगल्स एसएल4 कैटेगरी में सिल्वर मेडल के साथ मिला। सुकांत को सिंगल्स फाइनल में फ्रांस के लुकास माजुर से हार का सामना करना पड़ा। माजुर ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला गेम 21-08 से जीता, जिसके बाद सुकांत ने दूसरे गेम में कहीं बेहतर खेल दिखाया। हालांकि, उनकी कोशिश बेकार गईं, क्योंकि वह दूसरा गेम 21-16 से हार गए और फ्रांसीसी खिलाड़ी ने गोल्ड मेडल जीत लिया। अपने करियर के इस उपलब्धि पर सुकांत ने कहा, "करियर में 100 मेडल तक पहुंचना मेरे लिए बहुत खास पल है। जब मैंने 12 साल पहले पैरा-बैडमिंटन खेलना शुरू किया था, तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस मुकाम तक पहुंचूंगा। इस सफर में कई उतार-चढ़ाव आए, जीत और हार भी मिली, लेकिन हर मैच ने मुझे कुछ न कुछ सिखाया है।"

# लिवर को डिटॉक्स करने में किचन की ये तीन चीजें हैं फायदेमंद, आयुर्वेदिक डॉक्टर ने बताया सेवन का सही तरीका



लिवर शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में इसकी सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। कई बार लोग लिवर को डिटॉक्स करने के लिए महंगे महंगे डिटॉक्स सप्लीमेंट्स या जूस पर हजारों रूप खर्च करते हैं। लेकिन लिवर को डिटॉक्स करने के लिए जरूरी नहीं है कि महंगी सप्लीमेंट्स का ही इस्तेमाल करें। आयुर्वेदिक डॉक्टर सलीम जैदी के मुताबिक, आपके किचन में ही कुछ ऐसी चीजें मौजूद होती हैं जो लिवर का बेहतरीन तरीके से डिटॉक्स कर सकती हैं। इन्हें डाइट में किस तरह और कितनी मात्रा में शामिल करना चाहिए, इसके बारे में भी डॉक्टर ने सही तरीका बताया है। लौकी का जूसः लौकी में नेचुरली हेप्टोप्रोटेक्टिक कंपाउंड होते हैं जो लिवर की डैमेज सेल्स को रेपियर करने और सूजन कम करने में मदद करते हैं। ऐसे में लौकी के कुछ टुकड़े लें और उसे मिक्सर जार में डालें। अब उसमें एक गिलास पानी डालें और फिर एकदम बारीक पीस लें। अब इसे छानकर स्वाद अनुसार काला नमक डालें और फिर पी लें। जीरा का पानीः जीरा का पानी भी लिवर को डिटॉक्स करने में बेहद फायदेमंद माना जाता है जीरा लवर एंजाइम्स को स्टिम्यूलेट करता है जिससे डाइजेशन और डिटॉक्सिफिकेशन दोनों चीजें बेहतर होती हैं। रात में सोने से पहले आधा चम्मच जीरा को एक गिलास पानी में डालें और सुबह इस पानी को उबालकर पिएं। आप जीरा चबाकर भी खा सकते हैं। खास बात यह है कि जीरा पानी पीने से सिर्फ लिवर ही डिटॉक्स नहीं होता बल्कि आपका पाचन भी बेहतर होता है और वजन भी कंट्रोल करने में मदद मिलती है। नींबू का पानीः नींबू का पानी भी लिवर को डिटॉक्स करने में बेहद लाभकारी माना गया है। दरअसल, निम्बू में मौजूद सिट्रिक एसिड लिवर के बाएँल प्रोडक्शन को सपोर्ट करता है। बाएँल का काम ही होता है वेटस्टेज को बाहर निकालना। तो सुबह उठने के बाद, हलके गुनगुने पानी में आधा नीम्बू को निचोड़ें और फिर इस अपनी को पिएं। नींबू का पानी पीने से शरीर को विटामिन सी मिलता है और वेट लॉस में भी फायदा होता है। हमारा लिवर खुद ही शरीर में दवाओं और अन्य पदार्थों को प्रोसेस करने तथा अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने का काम करता है। इसलिए संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली को प्राथमिकता देना ज्यादा जरूरी है।

# काश पहले पहले पता होता, उम्र कम करने के लिए डॉक्टर ने बताए 6 टिप्स

आजकल हर कोई बढ़ती उम्र को कम करने में लगा है। लेकिन त्वचा से एजिंग कम करने के साथ शरीर को अंदर से फिट और जवान बनाए रखना भी जरूरी है। इसके लिए महंगी क्रीम या एंटी एजिंग प्रोडक्ट लगाने से अच्छा है कि आप डाइट पर ध्यान दें। जब शरीर अंदर से स्वस्थ और मजबूत रहेगा तो आप खुद को कहीं ज्यादा यंग महसूस करेंगे। इसके लिए गैस्ट्रोलॉजिस्ट सौरभ सेठी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 6 ऐसी आदतों के बारे में बताया है जो आपकी उम्र को कम करने में मदद कर सकती हैं। हेल्दी फैट है जरूरी- आप खाने में जो भी फैट खाते हैं, उसका सीधा असर शरीर की कोशिकाओं पर भी पड़ता है। ओमेगा-3 फैटी एसिड सेल मेम्ब्रेन का हिस्सा बनते हैं और सेल्स के कामकाज और शरीर में सूजन पर असर डालते हैं। इसके लिए खाने में फैटी फिश शामिल कर सकते हैं। शाकाहारी लोग इसे लिए अखरोट, चिया सीड्स या अलसी को डाइट में शामिल कर सकते हैं। मांसपेशियों को मजबूत बनाएं- कई बार हम पतले रहने को फिट मान लेते हैं जबकि हमारी मांसपेशियां कमजोर हो चुकी होती हैं। मजबूत मांसपेशियां उम्र बढ़ने के साथ ब्लड शुगर कंट्रोल, मेटाबॉलिज्म, चलने-फिरने और सेल्फ डिपेंड बने रहने में मदद करती हैं। आपको हफ्ते में कम से कम 2 बार स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करनी चाहिए। इसके लिए स्क्वैट्स, पुश-अप्स और रेजिस्टेंस बैंड जैसी एक्सरसाइज भी कर सकते हैं। अच्छी नींद- एंटी एजिंग के लिए नींद को बेस्ट तरीका माना गया है। अगर अच्छी नींद लंबे समय तक लेते हैं तो ये स्वस्थ रहने का सबसे आसान तरीका है।

# कैंसर से जूझ रहीं शेफ पंकज भदौरिया ने बताए 5 एंटी-कैंसर फूड, डाइट में जरूर करें शामिल



कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो व्यक्ति को शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से प्रभावित करती है। इन दिनों सेलिब्रिटी शेफ और मास्टरशेफ इंडिया की विनर पंकज भदौरिया भी इस बीमारी से गुजर रही हैं। हालांकि, वह मजबूत से डटकर इस बीमारी का सामना कर रही हैं और लगातार सोशल मीडिया के जरिए अपनी कैंसर जर्नी को लेकर बात करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान उन्होंने अपने डॉक्टरों से एक आसान सा सवाल पूछा था, "क्या ऐसी कोई चीजें हैं जिन्हें मैं अपनी रोज की डाइट में शामिल कर सकती हूँ जो मेरे शरीर को सपोर्ट करें और मेरी कोशिकाओं की रक्षा करने में मदद करें? इसी सवाल के जवाब में उन्होंने कुछ ऐसे फूड्स के बारे में बताया, जिन्हें वह अपनी डाइट में शामिल कर रही हैं। हल्दीः पंकज भदौरिया कहती हैं कि हल्दी में एक एंटी-कैंसर फूड है। इसमें मौजूद करक्यूमिन शरीर से सूजन कम करने में मददगार है। वह इसे काली मिर्च और के साथ लेती हैं ताकि शरीर में अच्छी तरह से अब्सॉर्ब हो जाए। आंवलाः आंवला को गुणों का खान कहा जाता है। इसमें विटामिन C और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है जिस वजह से यह एक एंटी-कैंसर फूड के तौर पर जाना जाता है। आप इसका इस्तेमाल जूस के रूप में कर सकते हैं। अश्वगंधाः अश्वगंधा का इस्तेमाल अक्सर तनाव कम करने और सेहत को बेहतर बनाए रखने के लिए किया जाता है। हालांकि, इसके सप्लीमेंट्स का इस्तेमाल हमेशा डॉक्टर की सलाह के बाद ही करना चाहिए। लहसुनः लहसुन में मौजूद एलिसिन इसे एक एंटी-कैंसर फूड बनाता है। इसके एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लामेटरी गुण कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मददगार हैं। आप इसे कच्चा भी खा सकते हैं। ब्रोकलीः ब्रोकली कैंसर में फायदेमंद सब्जी है। इसमें कई ऐसे प्राकृतिक यौगिक पाए जाते हैं जो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं। आप इसे हल्का स्टीम करके खाना सबसे अच्छा तरीका है। पंकज भदौरिया कहती हैं कि इन फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करने के अलावा आप क्या खाते हैं, कितना एक्टिव रहते हैं, तनाव को कैसे संभालते हैं और क्या रेगुलर स्क्रीनिंग करवाते हैं ये सब चीजें भी मायने रखती हैं।

# सोने-चांदी की कीमतों में जारी रह सकता है उतार-चढ़ाव, जानें क्या बोले एक्सपोर्ट्स




सोने और चांदी की कीमतों में अगले हफ्ते भी उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दरों पर फैसला, कच्चे तेल की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव, अमेरिकी डॉलर की चाल और अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम सोने और चांदी की कीमतों को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक होंगे। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (FOMC) की 15 और 16 सितंबर को होने वाली अहम मीटिंग ग्लोबल बुलियन मार्केट के लिए अगले हफ्ते की सबसे महत्वपूर्ण घटना होगी। फेड के फैसले और उसकी टिप्पणी से सोने-चांदी की कीमतों की दिशा तय हो सकती है। बताते चलें कि गणेश चतुर्थी के मौके पर सोमवार को कमोडिटी मार्केट सुबह के सेशन में बंद रहेंगे। एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट जतिन त्रिवेदी ने कहा कि सोना अमेरिकी फेड की टिप्पणियों, कच्चे तेल की कीमतों, अमेरिकी डॉलर, महंगाई की उम्मीदों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति संवेदनशील बना रहेगा। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में कोई नरमी या अमेरिकी फेडरल रिजर्व का कम आक्रामक रुख सोने में सुधार का समर्थन कर सकता है, जबकि कच्चे तेल में फिर से मजबूती या आक्रामक नीति संकेत से नई बिकवाली शुरू हो सकती है। घरेलू बाजार में पिछले हफ्ते मिश्रित रुझान देखा गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) पर अक्टूबर डिलीवरी के सोने का वायदा भाव 17 रुपये बढ़कर 1,52,784 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुए। जबकि, चांदी 2,684 रुपये यानी 1.13 प्रतिशत गिरावट के साथ 2.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार काफी दबाव में रहा, जहां COMEX पर दिसंबर की डिलीवरी वाले सोना का वायदा भाव 1.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,408.9 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ और चांदी 2.34 प्रतिशत गिरकर 65.19 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (कमोडिटी और करेंसी रिसर्च) प्रणव मेर ने कहा कि पिछले हफ्ते सोने के वायदा भाव में उतार-चढ़ाव रहा, लेकिन कुल मिलाकर इसमें बिकवाली का दबाव बना रहा और सप्ताह के अंत में भाव 1.5 प्रतिशत नीचे आ गया।

# पोस्ट ऑफिस में 365 दिन की FD पर कितना मिलेगा ब्याज, अधिकतम कितने रुपये कर सकते हैं निवेश

पोस्ट ऑफिस देश के नागरिकों को डाक सेवाओं के साथ ही कई तरह की बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान करता है। पोस्ट ऑफिस में कई तरह के बचत खाते खोले जाते हैं। इतना ही नहीं, देश के आम लोगों के बीच पोस्ट ऑफिस की बचत योजनाएं काफी पॉपुलर भी हैं। देश का एक बड़ा वर्ग आज भी पोस्ट ऑफिस की योजनाओं पर आंख मूंदकर भरोसा करता है, क्योंकि यहां ग्राहकों के पैसों को सीधे-सीधे भारत सरकार की सुरक्षा मिलती है। यहां हम जानेंगे कि पोस्ट ऑफिस में 365 की एफडी पर कितना ब्याज मिल रहा है? बैंकों की तरह, पोस्ट ऑफिस में भी फिक्स्ड डिपोजिट (FD) खाते खोले जाते हैं। हालांकि, पोस्ट ऑफिस एफडी खातों को टीडी यानी टाइम डिपोजिट के नाम से चलाता है। टाइम डिपोजिट स्कीम पूरी तरह से बैंकों की एफडी स्कीम की तरह ही होती है। इसमें आपको सिर्फ एक बार पैसा जमा करना होता है और फिर मैच्योरिटी पर आपको फिक्स ब्याज के साथ पूरा पैसा वापस मिल जाता है। पोस्ट ऑफिस में 1 साल, 2 साल, 3 साल और 5 साल के लिए एफडी खाते खोले जाते हैं। पोस्ट ऑफिस अपने ग्राहकों को 365 दिन यानी 1 साल की एफडी स्कीम पर 6.90 प्रतिशत का ब्याज दे रहा है। पोस्ट ऑफिस यानी डाकघर में अलग-अलग अवधि वाले एफडी खातों पर 6.90 प्रतिशत से लेकर 7.50 प्रतिशत तक का ब्याज मिलता है। ग्राहकों को 5 साल की अवधि वाले एफडी खातों पर सबसे ज्यादा 7.50 प्रतिशत का ब्याज मिल रहा है। पोस्ट ऑफिस की एफडी स्कीम में अधिकतम जमा की कोई लिमिट नहीं है।

## क्लेम रिजेक्ट करने के मामले में कंज्यूमर कोर्ट ने दिया आदेश

मुंबई के जिला कंज्यूमर कोर्ट ने विक्टोरिनॉक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के फायर इंश्योरेंस क्लेम को गलत तरीके से रिजेक्ट करने के मामले में न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी को 8.06 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान करने का आदेश दिया है। विक्टोरिनॉक्स इंडिया के गोदाम में 16 फरवरी, 2019 को आग लग गई थी, जिसमें वहां रखा काफी सामान जलकर खाक हो गया था। इंश्योरेंस कंपनी द्वारा नियुक्त किए गए सर्वेयर ने 8.06 करोड़ रुपये के नुकसान का आकलन किया था। न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी ने जनवरी, 2021 में कुछ आंतरिक समझौते और चालान उपलब्ध नहीं कराने का हवाला देते हुए विक्टोरिनॉक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का क्लेम रिजेक्ट कर दिया था। इंश्योरेंस कंपनी की शिकायत करने वाली कंपनी विक्टोरिनॉक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, स्विट्जरलैंड की विक्टोरिनॉक्स AG की स्वामित्व वाली सब्सिडरी कंपनी है। ये कंपनी भारत में अपनी पैरेंट कंपनी द्वारा बनाए गए ट्रैवल बैग, चाकू, लग्जरी घड़ियां, कटलरी और अन्य कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट, इंपोर्ट और डिस्ट्रीब्यूशन का काम करती है। विक्टोरिनॉक्स इंडिया ने न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी से 'स्टैंडर्ड फायर एंड स्पेशल पेरिल्स पॉलिसी' ली थी।

# कानपुर से मिर्जापुर, सासाराम, गया, आसनसोल के रास्ते कोलकाता तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

भारतीय रेल ने त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्पेशल ट्रेनों की घोषणा शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में, भारतीय रेल के उत्तर मध्य रेलवे जोन ने कानपुर से मिर्जापुर, सासाराम, गया, आसनसोल के रास्ते कोलकाता के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। ये स्पेशल ट्रेन 6 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलाई जाएगी। उत्तर मध्य रेलवे ने बताया कि कानपुर सेंट्रल और कोलकाता के बीच चलाई जाने वाली ये स्पेशल ट्रेन हफ्ते में एक दिन सेवाएं देगी। कानपुर सेंट्रल से कोलकाता तक जाने वाली ट्रेन 6 अक्टूबर से 24 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलाई जाएगी। जबकि, कोलकाता से कानपुर सेंट्रल तक जाने वाली ट्रेन 7 अक्टूबर से 25 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को चलाई जाएगी। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, ये स्पेशल ट्रेन अपनी यात्रा के दौरान फतेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, न्यू वेस्ट केबिन, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, गया, कोडरमा, पारसनाथ, गोमो, धनबाद, प्रधानखूंटा, आसनसोल, दुर्गापुर, खाना जंक्शन, बर्द्धमान, बैंडेल, नैहाटी लिंक केबिन और नैहाटी जंक्शन पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। कानपुर सेंट्रल से कोलकाता तक जाने वाली ट्रेन नंबर- 04157, कानपुर सेंट्रल-कोलकाता स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को सुबह 08.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह-सुबह 04.05 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में, कोलकाता से कानपुर सेंट्रल तक जाने वाली ट्रेन नंबर- 04158, कोलकाता-कानपुर सेंट्रल स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को सुबह 07.25 बजे प्रस्थान करेगी और गुरुवार को आधी रात 01.25 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी।

## शेयर बाजार में जारी रहेगी गिरावट या अब लौटेगी तेजी, जानें क्या बोले एक्सपर्ट्स

अगले हफ्ते घरेलू शेयर बाजार की दिशा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसलों, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कच्चे तेल की कीमतों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों से तय होगी। शेयर बाजार एक्सपर्ट्स ने ये अनुमान जताया है। बताते चलें कि पिछले हफ्ते बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली थी। बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1,733.67 अंक यानी 2.26 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली थी। जबकि, एनएसई निफ्टी में 499.6 अंक यानी 2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। सोमवार को गणेश चतुर्थी के मौके पर शेयर बाजार की छुट्टी रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (रिसर्च) अजित मिश्रा ने कहा, ''ग्लोबल लेवल पर, अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम और ब्रेंट क्रूड की चाल बाजार के प्रमुख उत्प्रेरक बने रहेंगे। इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मौद्रिक नीति निर्णय और ब्याज दरों के भविष्य के रुख पर उसकी टिप्पणी पर भी नजर रहेगी।'' अजित मिश्रा ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर अगस्त के थोक मूल्य सूचकांक (WPI) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) आधारित महंगाई दर के आंकड़ों के साथ ही बेरोजगारी और व्यापार संतुलन के आंकड़े भी चर्चा में रहेंगे।

# FPIs ने सितंबर में अब तक ₹13,138 करोड़ के शेयर बेचे



विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) ने सितंबर के पहले 2 हफ्तों में भारतीय शेयर बाजार से 13,138 करोड़ रुपये निकाले हैं। वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और मजबूत होते डॉलर के कारण विदेशी निवेशक बाजार से निकासी कर रहे हैं। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले जुलाई और अगस्त में एफपीआई भारतीय शेयरों में शुद्ध खरीदार रहे थे। जुलाई में उन्होंने 20,200 करोड़ रुपये और अगस्त में 29,630 करोड़ रुपये का निवेश किया था। हालांकि, मार्च से जून तक लगातार 4 महीने तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों में बिकवाली की थी। सितंबर में हुई ताजा बिकवाली के साथ 2026 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से एफपीआई की कुल बिकवाली बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपये हो गई है। ये आंकड़ा पूरे 2025 में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से भी काफी ज्यादा है। एनएसडीएल के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने 11 सितंबर तक भारतीय शेयरों से 13,138 करोड़ रुपये की निकासी की है। इस बीच, भू-राजनीतिक तनाव के कारण ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत शुक्रवार को बढ़कर 109.97 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।

# 43 रुपये पर पहुंचा GMP Price, आईपीओ को दूसरे दिन मिला 18.20 गुना सब्सक्रिप्शन

रियल एस्टेट कंपनी प्रणव कंस्ट्रक्शन्स के आईपीओ को निवेशकों का शानदार सपोर्ट मिल रहा है। कंपनी का आईपीओ 7 सितंबर को खुला था और आज, 9 सितंबर को इसका आखिरी दिन है। कंपनी अपने इस आईपीओ से 351 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। इसके लिए कुल 2,83,08,481 शेयर जारी किए जाएंगे। इस आईपीओ के तहत, प्रणव कंस्ट्रक्शन्स ने 10 रुपये की फेस वैल्यू वाले प्रत्येक शेयर के लिए 118 रुपये से 124 रुपये का प्राइस रेंज फिक्स किया है। प्रणव कंस्ट्रक्शन्स का आईपीओ पूरी तरह से सब्सक्राइब हो चुका है तो निवेशकों को अब 124 रुपये के भाव पर शेयर अलॉट किए जाएंगे। दूसरे दिन, यानी मंगलवार तक कंपनी के आईपीओ को 18.20 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका था। ऐसा माना जा रहा है कि आईपीओ के आखिरी दिन यानी आज प्रणव कंस्ट्रक्शन्स के आईपीओ का सब्सक्रिप्शन स्टेटस काफी ऊपर पहुंच सकता है। रियल एस्टेट कंपनी के आईपीओ में 316 करोड़ रुपये के 2,54,51,612 फ्रेश शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा, इसमें 35 करोड़ रुपये के 28,56,869 शेयर ओएफएस के द्वारा जारी किए जाएंगे, जो कंपनी के प्रोमोटरों द्वारा उनकी हिस्सेदारी बेचकर दिए जाते हैं। बुधवार को आईपीओ बंद होने के बाद गुरुवार, 10 सितंबर को शेयरों का अलॉटमेंट कर दिया जाएगा। 11 सितंबर को निवेशकों के डीमैट खाते में शेयर क्रेडिट कर दिए जाएंगे। जिन निवेशकों को शेयर नहीं मिलेंगे, उन्हें 11 सितंबर को रिफंड मिल जाएगा। ये एक मेनबोर्ड आईपीओ है, जो बीएसई और एनएसई, दोनों प्रमुख बाजारों में लिस्ट होगा। शेयर बाजार में प्रणव कंस्ट्रक्शन्स की लिस्टिंग अगले हफ्ते 15 सितंबर को होगी। आईपीओ के जीएमपी प्राइस ट्रैक करने वाली वेबसाइट investorgain.com के मुताबिक, 9 सितंबर को सुबह 6.35 बजे तक ग्रे मार्केट में प्रणव कंस्ट्रक्शन्स के शेयर 43 रुपये (34.68 प्रतिशत) के जीएमपी (ग्रे मार्केट प्रीमियम) प्राइस के साथ ट्रेड कर रहे थे। बताते चलें कि 6 सितंबर को कंपनी के शेयर ग्रे मार्केट में 44 रुपये के अधिकतम जीएमपी प्राइस के साथ ट्रेड कर रहे थे। हालांकि, लिस्टिंग के मौके पर इसमें काफी उतार-चढ़ाव हो सकता है। आईपीओ के आखिरी दिन निवेशकों की नजर सब्सक्रिप्शन के अंतिम आंकड़ों और विभिन्न श्रेणियों में मांग पर बनी हुई है। खासतौर पर रिटेल निवेशकों, गैर-संस्थागत निवेशकों और योग्य संस्थागत खरीदारों की भागीदारी से अंतिम सब्सक्रिप्शन स्तर प्रभावित होगा। कंपनी के शेयरों की मजबूत मांग से बाजार में इसके प्रति निवेशकों की दिलचस्पी का संकेत मिल रहा है।



# मणिपुर के गांव में उग्रवादियों ने की अंधाधुंध फायरिंग महिला की मौत; पति-बेटा घायल

मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में रविवार तड़के संदिग्ध उग्रवादियों ने एक गांव में अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। हमले में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और बेटा घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब चार बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-37 के पास स्थित टॉलेन कुकी गांव में हुई। यह राजमार्ग इंफाल को जिरीबाम से जोड़ता है। संदिग्ध उग्रवादियों ने गांव को निशाना बनाते हुए अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में लिंगनगाई नामक महिला की उसके घर के भीतर मौत हो गई। वहीं, उसका पति और बेटा घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे और घायलों को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई। घटना के बाद कैमाई ग्राम प्राधिकरण ने हमले की कड़ी निंदा की। प्राधिकरण ने इसे "समुदायों के बीच वैमनस्य और विभाजन पैदा करने का जानबूझकर किया गया दुर्भावनापूर्ण प्रयास" बताया। ग्राम प्राधिकरण ने अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने और उन्हें कानून के तहत न्याय के कठघरे में लाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमले के पीछे शामिल लोगों की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पहले, मणिपुर के दो घाटी जिलों से सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, सभी गिरफ्तारियां बुधवार को की गईं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि असम राइफल्स और गढ़वाल राइफल्स को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर इंफाल पूर्वी जिले के हिंगांग इलाके से 'नेशनल रिवोल्यूशनरी फ्रंट ऑफ मणिपुर' (एनआरएफएम) के 28 वर्षीय एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया। वहीं, इंफाल पश्चिम जिले के चिंगमेइरोंग इलाके से प्रतिबंधित कांगलीपाक



कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के 44 वर्षीय एक सदस्य को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दो अन्य लोगों में एक प्रतिबंधित कांगलेई याओल कन्ना लुप (केवाईकेएल) का सक्रिय सदस्य है, जिसे इंफाल पश्चिम जिले के सागोलटोंगबा स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया। दूसरा व्यक्ति इंफाल पूर्वी जिले के अहल्लुप इलाके से पकड़ा गया, जिसके बारे में पुलिस का कहना है कि वह केसीपी (नोंग्द्रेनखोंबा) से जुड़ा है। भारत और चीन के बीच बनी इस सहमति को दोनों देशों के संबंधों में एक नई शुरुआत के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। लंबे समय से सीमा विवाद और अन्य मुद्दों के कारण रिश्तों में तनाव रहा है। ऐसे में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर संवाद बढ़ना और मतभेदों को नियंत्रित रखने पर सहमति बनना क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीमा पर शांति और स्थिरता को द्विपक्षीय संबंधों के लिए आधार माना गया है। दोनों पक्षों के बीच सीमा से जुड़े मुद्दों का समाधान बातचीत और आपसी सहमति के जरिए तलाशने पर जोर रहेगा। यदि सीमा क्षेत्रों में तनाव कम होता है, तो इसका सकारात्मक असर दोनों देशों के बीच आर्थिक और राजनीतिक सहयोग पर भी पड़ सकता है।

## गुजरात-महाराष्ट्र से लेकर झारखंड तक सोमवार को भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। देश में सोमवार को भी गुजरात और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में मूसलाधार बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, 14 सितंबर को गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भारी बारिश हो सकती है। जबकि केरल, तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कई इलाकों में 50-60 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 14 से 15 सितंबर के बीच पश्चिमी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, बिहार, सिक्किम और ओडिशा में बारिश के साथ आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी झमाझम बारिश हो सकती है। इसके साथ ही 13-19 सितंबर के दौरान कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी में हल्की बारिश हो सकती है। केरल, आंध्र प्रदेश और माहे में 14-15 सितंबर के दौरान तेज बारिश होने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं आंधी-तूफान, बिजली गिरने की संभावना है। इन जगहों पर 40-50 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी।

## BRICS समिट में मिले भारत और चीन के 'दिल'! इन 7 अहम मुद्दों पर हुए राजी

BRICS समिट 2026 से अच्छी खबर आई है कि 7 साल बाद भारत और चीन ने खुले दिल से एक-दूसरे की नीतियों का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ भरोसे के तीन 'म्यूचुअल' पर जोर दिया है। ये तीन 'म्यूचुअल' हैं- पारस्परिक सम्मान, पारस्परिक संवेदनशीलता और पारस्परिक हित। BRICS समिट में भारत और चीन के बीच 7 अहम मुद्दों पर भी सहमति बनी। आइए इनके बारे में जानते हैं। इसके साथ ही, पीएम मोदी ने माना कि दोनों देशों के बीच मतभेद हैं लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि मतभेद विवाद में नहीं बदलने चाहिए। उधर, चीनी प्रेसिडेंट शी जिनपिंग ने भी माना कि दुनिया के दो सबसे ज्यादा आबादी वाले देश और 'ग्लोबल साउथ' के अहम सदस्यों के तौर पर दोनों देशों की जिम्मेदारी बड़ी है, इसलिए मिलकर काम करना होगा। इसके अलावा, BRICS समिट के दूसरे दिन वर्ल्ड लीडर्स को संबोधित करते हुए PM मोदी ने ये भी कहा कि हमारी विविधता हमारी पहचान रहे और हमारा सहयोग हमारी प्रेरणा बने। गौरतलब है कि दिल्ली पर दुनिया की नजर है। पीएम मोदी की डिप्लोमेसी की परख भी की जा रही है। लेकिन ब्रिक्स के घोषणापत्र से जो बातें निकल कर आई हैं, वो अपने आप में भारत की जीत है। इसे इन पांच पॉइंट्स से समझ सकते हैं। UNSC में अब चीन भी भारत का सपोर्ट करेगा, जो हमेशा से विरोध करता आया है। चीन ने न्यू डेल्ही डिक्लेरेशन पर साइन भी किया है।

पहलगाम टेरर अटैक की निंदा की गई।

आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया गया। सभी सदस्य देशों ने एक सुर में इसपर सहमति जताई है।

मिडिल-ईस्ट में शांति की पैरवी भारत हमेशा करता आया है, उसपर भी ब्रिक्स की मुहर लगी है।

सभी देशों ने एक साथ मिलकर टैरिफ को लेकर जो मनमानी चल रही है, उसके खिलाफ प्रस्ताव पास किया है।

संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखा जाएगा।

मतभेदों को विवाद में नहीं बदलने दिया जाएगा।

सीमा विवाद का निष्पक्ष और स्वीकार्य समाधान तलाशा जाएगा।

व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाया जाएगा।

दोनों देश के लोगों के बीच आवाजाही को बढ़ावा दिया जाएगा।

आर्थिक और व्यापारिक चिंताओं का समाधान तलाशा जाएगा।

क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग बढ़ाया जाएगा।

भारत और चीन के बीच बनी इस सहमति को दोनों देशों के संबंधों में एक नई शुरुआत के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। लंबे समय से सीमा विवाद और अन्य मुद्दों के कारण रिश्तों में तनाव रहा है। ऐसे में शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर संवाद बढ़ना और मतभेदों को नियंत्रित रखने पर सहमति बनना क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# गोवा में आम आदमी पार्टी गोवा फॉरवर्ड पार्टी के मिलकर लड़ेंगी चुनाव, अरविंद केजरीवाल ने गठबंधन का किया ऐलान



गोवा में आम आदमी पार्टी (आप) और गोवा फॉरवर्ड पार्टी के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस गठबंधन का ऐलान किया। केजरीवाल ने बताया कि गठबंधन का नाम 'गोवा फर्स्ट' रखा गया है। केजरीवाल ने कहा कि इस गठबंधन का मकसद वोटरों को बीजेपी और कांग्रेस के अलावा एक विकल्प देना है। उन्होंने दोनों पार्टियों पर आरोप लगाया कि वे चुनावों के दौरान तो लड़ती हैं, लेकिन सरकार बनाने के लिए बंद कमरों में मिलकर काम करती हैं। केजरीवाल ने कहा, "गोवा फॉरवर्ड पार्टी और आम आदमी पार्टी ने मिलकर 'गोवा फर्स्ट' बनाया है, जो गोवा के लोगों को एक असली विकल्प देगा।" केजरीवाल ने कहा कि यह गठबंधन इसलिए जरूरी हो गया क्योंकि गोवा के लोग सालों से राजनीतिक हालात देख रहे हैं और उन्हें एहसास हुआ है कि उनके पास कोई असली विकल्प नहीं था। उन्हें या तो कांग्रेस को वोट देना पड़ा या बीजेपी को, जबकि इन दोनों पार्टियों के बीच एक तरह की मिलीभगत रही है। लोग एक विकल्प चाहते हैं। जो लोग बीजेपी और कांग्रेस को वोट नहीं देना चाहते वे इस गठबंधन को वोट दे सकते हैं। केजरीवाल ने दावा किया कि उनका गठबंधन चुनाव जीतेगा और 'गोवा फर्स्ट' की सरकार अपने दम पर बनेगी। हम अपनी काबिलियत के दम पर जीतेंगे।

## प्रियंका के बनाए छोले-भटूरे के मुरीद हुए राहुल गांधी, सोशल मीडिया पर शेयर की तस्वीर





कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर छोले-भटूरे की एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर के साथ उन्होंने भारतीयों के खान-पान को लेकर अपनी बात रखी और मांसाहारी भोजन का भी जिक्र किया। राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा, "जानकारी के लिए बता दें कि 80% भारतीय मांसाहारी हैं। भारतीय मांसाहारी खाना बहुत स्वादिष्ट होता है। और मेरी बहन के छोले-भटूरे भी!" उनकी पोस्ट से मालूम होता है कि ये छोले-भटूरे उनकी बहन और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने बनाए हैं। इससे पहले, राहुल गांधी ने आज मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच नाश्ते पर हुई इस मुलाकात में भारत और मलेशिया के बीच संबंधों को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। कांग्रेस ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की अनवर इब्राहिम के साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। राहुल गांधी और अनवर इब्राहिम की यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशियाई प्रधानमंत्री के बीच एक दिन पहले हुई बातचीत के बाद हुई है। पीएम मोदी और इब्राहिम के बीच हुई वार्ता में व्यापार, सेमीकंडक्टर, बुनियादी ढांचे और रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग पर विशेष रूप से चर्चा हुई थी। दोनों प्रधानमंत्रियों की यह बैठक नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर हुई थी। मलेशिया ब्रिक्स समूह का साझेदार देश है। बता दें कि BRICS शिखर सम्मेलन का आज दूसरा और आखिरी दिन है। पहले दिन इस समिट में शामिल देशों के राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान में भारत मंडपम में डिनर का आयोजन किया गया था। इस दौरान मौजूद मेहमानों को भारतीय संस्कृति, विविधता और समृद्ध स्वाद का अनूठा संगम देखने को मिला। मेहमानों के लिए तैयार किए गए खास शाकाहारी मेनू में उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत और पश्चिम से लेकर पूर्वी भारत तक के पारंपरिक भारतीय व्यंजनों को एक आधुनिक और शाही अंदाज में पेश किया गया। मेहमानों को स्टार्टर्स के तौर पर खांडवी मिल-फॉय और खुंब गलौटी परोसी गई। खांडवी मिल-फॉय को को राई, नारियल और कड़ी पत्ते का तड़का लगाकर तैयार किया गया।

# '17 सितंबर से अगले एक महीने तक चलाएंगे सेवा संकल्प अभियान', PM मोदी के बर्थडे से शुरू होने वाले कार्यक्रम को लेकर शाह का ऐलान

**17 सितंबर को PM मोदी के बर्थडे के दिन से अगले पूरे एक महीने तक सेवा संकल्प अभियान, बीजेपी, उसके सहयोगी दल और तमाम संगठन चलाएंगे।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज (रविवार को) मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके PM मोदी के बर्थडे के दिन 17 सितंबर से शुरू होने वाले सेवा संकल्प अभियान के बारे में जानकारी दी। अमित शाह ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर अगले 1 महीने तक चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम देश के हर जिले और हर विधानसभा में मनाया जाएगा। जानें मुंबई की प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमित शाह ने क्या-क्या कहा। अमित शाह ने कहा कि सारा एनडीए कुनबा और कई सारे स्वयंसेवी संगठन और कुल मिलाकर देश की जनता मिलकर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान देश भर में चलाने वाले हैं। हम सब जानते हैं कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। पहले गुजरात में और बाद में देश भर में भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक और कई जगह एक सप्ताह तक सेवा सप्ताह से वो जन्मदिन को मनाने का काम करते थे। लेकिन इस बार यह 1 महीने का होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले, 'इस साल एक विशेष प्रयोजन है क्योंकि एक लंबी संगठनात्मक कार्य कारकिर्दी के बाद 7 अक्टूबर 2026 को पीएम मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री काल के 25 साल पूरा हो रहे हैं और अभी प्रधानमंत्री का कार्यकाल उनका चालू है। तो इस देश में बहुत कम लोग, बहुत कम नेता ऐसे मिलते हैं जो राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में और देश के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 25 साल तक जनसेवा का रिकॉर्ड रखते हैं।' अमित शाह ने आगे कहा कि हम सभी एनडीए के घटक दल और भारतीय जनता पार्टी ने ये तय किया है कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक हम ये एक माह सेवा संकल्प अभियान के रूप में चलाएंगे। ये सेवा संकल्प अभियान पूरे राष्ट्र में चलेगा। राष्ट्र की हर प्रशासनिक इकाई मतलब राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में चलेगा, हर जिले में, हर लोकसभा-विधानसभा क्षेत्र में और बूथ तक सेवा संकल्प अभियान को लेकर हम देश की जनता तक पहुंचने वाले हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2014 से पहले, हमारी राष्ट्रीय राजनीति भ्रष्टाचार, जातिवाद और परिवारवाद से जूझ रही थी। 2014 से 2026 के दौर में, देश इन मुद्दों से आगे बढ़कर 'काम-काज पर आधारित राजनीति' की ओर बढ़ा है। 12 साल में पहली बार लोगों ने मजबूत विदेश नीति देखी है। चाहे हमारी रक्षा नीति हो या विदेश नीति, हमारा मुख्य सिद्धांत India First का है। भारत के हित हमारे लिए सबसे ऊपर हैं। अमित शाह बोले कि हमने फ्रैजाइल फाइव की कैटेगरी से निकलकर टॉप 5 अर्थव्यवस्थाओं में जगह बनाई है। हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत 7.8 फीसदी की GDP विकास दर के साथ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे आगे है। सबसे अहम बात यह है कि आजादी के बाद पहली बार भारतीय भाषाओं को उचित सम्मान मिलना शुरू हुआ है। इसके अलावा, जब भी भारतीय सैनिक या नागरिक आतंकवादी साजिशों या हमलों का शिकार होते हैं, तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने के लिए अब एक मजबूत नीति लागू है। वहीं, इंडिया टीवी के सवाल का जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा कि देश से चुन-चुनकर एक-एक घुसपैठिए को निकालेंगे।

## प्लाईवुड गोदाम में लगी भीषण आग, लपटें और धुएं का गुबार देख दहशत में लोग



नई दिल्ली के दल्लूपुरा इलाके में रविवार को एक प्लाईवुड गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। 3,000 वर्ग मीटर में बने इस विशाल गोदाम में भारी मात्रा में प्लाईवुड का स्टॉक रखा हुआ था, जिससे लपटें तेजी से फैलीं और देखते ही देखते पूरा गोदाम आग के गोले में तब्दील हो गया। आसमान में उठ रहे धुएं के गहरे गुबार को दूर-दूर से देखा जा सकता है, जिससे पूरे इलाके के निवासियों में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 25 से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर विभाग के सीनियर ऑफिसर भी घटनास्थल पर मौजूद हैं। सुरक्षा के लिहाज से दमकल विभाग और पुलिस की टीम ने गोदाम के आसपास बने घरों को एहतियातन खाली करवा लिया है। डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एम.के. चट्टोपाध्याय ने कहा, 'फिलहाल किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, आग की शुरुआती सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे हमारे एक स्टेशन ऑफिसर ने इसे बुझाने का काफी प्रयास किया। इस दौरान अत्यधिक और घने काले धुएं की चपेट में आने (धुआं सांस के साथ अंदर जाने) से उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल भेजा गया है।

# नंदनकानन जू में शेरनी माया के दोनों शावकों की मौत, पोस्टमॉर्टम में वजह आई सामने



भुवनेश्वर। ओडिशा के भुवनेश्वर के नंदनकानन जूलॉजिकल पार्क से एक दुखद खबर सामने आई है। शेरनी माया के दूसरे शावक की भी मौत हो गई। यह शावक जन्म के महज तीन दिन बाद मृत पाया गया। इसके साथ ही माया से जन्मे दोनों शावक अब जीवित नहीं हैं। माया ने पहली बार मां बनते हुए 7 सितंबर को दो शेर शावकों को जन्म दिया था। इनमें से एक शावक की जन्म के दिन ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरा शावक तीन दिन तक जीवित रहा। हालांकि, जन्म के बाद से ही उसे दूध पीने में परेशानी हो रही थी। मृत नर शावक के बारे में पता लगा कि जब वह जीवित था तो अपनी मां का दूध ठीक से नहीं पी पा रहा था। बताया जा रहा है कि जब वह दूध पीने की कोशिश करता था, तो दूध उसके मुंह से पेट तक जाने के बजाय नाक से बाहर निकल रहा था। इस वजह से शावक अपनी जरूरत के मुताबिक मां का दूध नहीं ले पा रहा था। कुछ समय बाद उसकी हालत खराब होती गई और जन्म के तीसरे दिन उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, शावक की मौत की बड़ी वजह जन्मजात क्लेफ्ट पैलेट बताई गई है। क्लेफ्ट पैलेट एक ऐसी जन्मजात स्थिति है, जिसमें मुंह के अंदर का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह से सामान्य तरीके से विकसित नहीं होता। इस वजह से शावक के लिए दूध को सही तरीके से निगलना मुश्किल हो सकता है। माया के दूसरे शावक के मामले में यही समस्या सामने आने की बात पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कही गई है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415